उज्जैन
बुधवार
14
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-341
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में छात्रों की भूख हड़ताल का दूसरा दिन, दो की तबीयत बिगड़ी

7 हैदराबाद में एक भी टी-20 नहीं हारा भारत आज यहीं वेस्टइंडीज से चौथा मुकाबला



रिश्तों में पंगे होने ही चाहि : सोनाली बेंद्रे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे इन दिनों शो धमाल विद पति-पत्नी और पंगा 2 होस्ट कर रही हैं। शो 10 अक्टूबर से हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे कलर्स चैनल पर प्रसारित हो रहा है। सोनाली मानती हैं कि रिश्तों में परफेक्शन जरूरी नहीं। छोटी-मोटी नोकझोंक, झगड़े और एक-दूसरे को मनाने में ही रिश्तों की खूबसूरती है। उनके मुताबिक, पार्टनर को बदलने के बजाय उसे जैसा है, वैसा स्वीकार करना चाहिए। सोनाली ने शो के नए सीजन, पति गोल्डी बहल के साथ 20 साल से ज्यादा की शादीशुदा जिंदगी, रिश्तों के झगड़ों और सोशल मीडिया पर आदर्श कपल दिखने के दबाव पर बात की। उन्होंने बताया कि गोल्डी को उनकी कौन-सी आदत परेशान करती है, यह जानने में उनकी दिलचस्पी नहीं है। सोनाली के मुताबिक, बीमारी के बाद पति का साथ उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा रहा है।

देश

- **लखनऊ में** 15 दिनों से बाढ़, 5 लाख लोग प्रभावित, राजस्थान में 3 दिन बारिश और ओले गिरने का अलर्ट, हिमाचल में बर्फबारी
- **महाराष्ट्र में** नालासोपारा की बिल्डिंग में आग, 2 महिलाओं की मौत, 15 लोगों का रेस्क्यू
- **आंध्र प्रदेश** में बन रहा गूगल डेटा सेंटर, आरोप- 160 एकड़ जंगल साफ, पानी की कमी होगी, गूगल बोला- एयर कूलिंग तकनीक का इस्तेमाल होगा
- **कांग्रेस सांसद** अकोइजाम का दावा- मुझे जांच रिपोर्ट नहीं दी, नाम बताकर गोपनीयता भंग की जेएनयू की 11 छात्राओं ने लगाया है यौन उत्पीड़न का आरोप
- **इलेक्शन** कमिश्नर्स को कानूनी छूट देने वाली धारा को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, चुनाव आयोग से जवाब मांगा, जनवरी में रोक लगाने से इनकार किया था

विदेश

- **पूर्व बांग्लादेशी** एडवाइजर यूनुस को लोगों ने आतंकवादी कहा, न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर घेरा; सरकार बोली- विरोध करने वालों पर कार्रवाई करेंगे
- **इजराइल** पहुंची अमेरिकी फ्लाइट को बम की धमकी, कल इंडोनेशियाई पायलट के कारण विमान लौटाया, फ्लाईदुबई हादसे के बाद 11 देशों के पायलटों पर रोक
- **पोप लियो** को लंग कैंसर, रोम के अस्पताल में सर्जरी हुई, दाएं फेफड़े का पूरा निचला हिस्सा निकाला गया

व्यापार

- **सऊदी अरब** की उड़ानें 17 अक्टूबर तक रद्द, इंडिगो-एअर इंडिया ने हुती हमलों के बाद फ्लाइट्स कैंसिल कीं
- **लॉन्ग-टर्म** कैपिटल गेन्स टैक्स पर निवेशकों के सुझाव सुनेगी सरकार

कार्टून..



एलीवेटेड ब्रिज के निर्माण के चलते बस स्टैण्ड यकायक नानाखेड़ा में शिफ्ट कर दिया

वीरान हो गया देवासगेट बस स्टैण्ड, दुकानदार काफी निराश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्षों पुराना देवासगेट बस स्टैण्ड जो शहर के मध्य रहकर बाजारों को गुलजार करता रहा आज उदासी के आंसू बहाता नजर आ रहा है। एलीवेटेड ब्रिज के निर्माण के चलते बस स्टैण्ड यकायक नानाखेड़ा शिफ्ट कर दिया गया। जहां कभी सुबह से रौनक देखने को मिलती थी आज वीरान पड़ा हुआ है। भूले-भटके कुछ यात्री जब यहां बस न होने पर पूछताछ करते हैं तब निराशा ही उनके हाथ आती है। ज्यादातर दूर से आनेवाले यात्री उदास हो रहे हैं जो ट्रेन से रेलवे स्टेशन पर उतरकर बस द्वारा अपने ठिकाने पहुंचने के लिए देवासगेट आ रहे हैं। ऐसे में आगर रूट वाले यात्री रिक्शा द्वारा मोहन नगर तक बस पकड़ने जा रहे हैं तो इंदौर जानेवाले नानाखेड़ा पहुंच रहे हैं।







व्यापार चौपट और निराशा

बस स्टैण्ड शिफ्टिंग की सर्वाधिक मार यहां धंधा करनेवाले छोटे दुकानदार झेल रहे हैं। प्रतीक्षालय के अंदर रेस्टोरेंट व चाय आदि की दुकानों पर अब दुकानदार मक्खियां मार रहे हैं। न तो पानी की बोतल बिक रही हैं और न ही बेकरी आइटम बिक रहे हैं। स्टैण्ड के समीप की दाल बाटी दुकान और खान पान की दुकानों की स्थिति भी बहुत कुछ ऐसी ही है। दो दिन मे ही धंधा बुरी तरह पिट गया। जिन दुकानों पर भारी भीड रहती थी वहां अब कौए उड़ रहे हैं। भारी मन से दुकानदारों ने बताया कि प्रशासन ने बस स्टैण्ड शिफ्टिंग का निर्णय तुरत फुरत ले लिया और दुकानदारों के प्रति संवेदना न रखी उसका खामियाजा सैकडों दुकानदार भुगत रहे हैं। योजनाबद्ध ढंग से शिफ्टिंग की जाती तो धंधे की स्थिति इतनी बुरी न होती। अब दुकानदार उम्मीद लगाए हैं कि कम से कम उन्हें नानाखेड़ा पर दुकानें उपलब्ध कराई जाए तो रोजी रोटी की व्यवस्था हो पाए।

बिहार के वैशाली में गंगा में नाव डूबी, 13 की मौत

मरने वालों में एक ही परिवार की 7 बच्चियां, 17 साल की लड़की ने बचाईं 3 जानें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वैशाली

बिहार में वैशाली में गंगा नदी में नाव पलट गई। हादसे में 13 बच्चों की मौत हो गई है। सभी की उम्र 6 से 15 साल के बीच बताई जा रही है। मरने वालों में 7 बच्चियां एक ही परिवार की थीं।

हादसा राघोपुर क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 8.30 बजे हुआ। 25 से ज्यादा लोग एक छोटी नाव में बैठकर नदी पार कर तेरहवीं के भोज में जा रहे थे। सभी बच्चों के शव गांव पहुंच गए हैं। परिजन ने पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया है। मरने वालों की उम्र 6 से 18 साल के बीच की है। एक 17 साल की लड़की ने 3 लोगों की जान बचाई है। 4 घायलों का इलाज पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला के माता महारानी स्थान के पास सिंघेश्वर राय के यहां दावत थी। 25 से ज्यादा लोग इसमें शामिल होने जा रहे थे। हादसे में जान गंवाने वालों में लड़कियां ज्यादा हैं।





चार बच्चों का इलाज हो रहा

पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में राघोपुर नाव हादसे के पीड़ित चार बच्चों का इलाज चल रहा है। जिसमें चांदनी कुमारी, (15), कार्तिक कुमार (5), अनुष्का कुमारी(11), पुटूस कुमार(5), हैं। साथ ही दो घायल सत्येंद्र राय और बिंदेश्वर राय को इलाज के बाद रिलीज कर दिया गया।

राघोपुर में एक साथ उठीं अर्थियां- बीती रात हुए नाव हादसे में 13 बच्चों की मौत हो गई। सुबह गांव में मातम है। एक के बाद एक अर्थी उठ रही है।

सौरव दास और आशुतोष रांका को 5 दिन की न्यायिक हिरासत, रात 3 बजे गिरफ्तारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के आशुतोष रांका और सौरव दास को दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनके साथ अजिंक्य शिंदे को भी गिरफ्तार किया गया था। उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया है।

रांका, दास और शिंदे को मंगलवार सुबह जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके बाद रात 3 बजे तीनों को एहतियातन गिरफ्तार किया गया। आज सुबह तीनों की स्पेशल कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया।

सीजेपी की लीगल टीम की प्रमुख रत्ना सिंह ने पर बताया कि तीनों पर बिना इजाजत जंतर-मंतर में घुसने, बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप हैं। उन्हें तिहाड़ जेल भेजे जाने की संभावना है। दास और रांका को 10 अक्टूबर को फ्लाइट से ही हिरासत में लिया गया था। सीजेपी ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर और एसआईआर के विरोध में 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके, प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट से ही पुलिस ने हिरासत में लिया था। तीनों को 11 अक्टूबर को दिल्ली कैंट की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। इसके बाद उन्हें 50-50 हजार रुपए के जमानती मुचलके पर रिहा कर दिया गया।



सीजेपी नेता कल जंतर-मंतर जाने पर हिरासत में लिए गए थे

दिल्ली के रेस्टोरेंट में आग, खिड़की से कूदकर जान बचाई

लोगों ने बच्चों को पहली मंजिल से नीचे फेंका



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मौजपुर इलाके में मंगलवार रात करीब 10:34 बजे उधम रेस्टोरेंट के किचन में आग लग गई। आग लगते ही कुछ लोग जान बचाने के लिए पहली मंजिल की खिड़की से कूदने लगे।

घटना के वीडियो के सामने आए हैं। इनमें लोग अपने बच्चों को भी पहली मंजिल से नीचे फेंकते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। हालांकि, रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने पहले ही आग बुझा दी थी। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

विपक्ष के प्रदर्शन के बीच पहला बयान : एसआईआर 2024 में आया, कांग्रेस पहले से हार रही

राहुल के नेतृत्व में 2029 का चुनाव भी हारेगी : अमित शाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश भर में एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा- राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश की जनता उनके एजेंडे को अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा- एसआईआर प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से ही कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि 2029 में एक बार फिर करारी हार के लिए तैयार रहें।

शाह ने कहा- 2029 के लोकसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत हासिल करेगा और कांग्रेस को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ेगा। इस देश की जनता पीएम मोदी, भाजपा और एनडीए के साथ है। आप इस सच को नकार नहीं सकते। शाह ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी ने कुल 104 सीटों में से 90 सीटें जीती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या गुजरात निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह भी एसआईआर है? उन्होंने कहा- गुजरात निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने सभी 32 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन हर सीट पर उसकी जमानत जब्त हो गई। कांग्रेस 41 साल से गुजरात में एक भी चुनाव नहीं जीती है। कांग्रेस ने आखिरी चुनाव 1985 में जीता था।



बैलेट पेपर से चुनाव हुए, फिर मशीनों पर सवाल क्यों?

शाह ने त्रिपुरा के ग्राम समिति चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए ने करीब 77.5% वोट हासिल किए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 4,600 सीटों में से केवल 14 सीटें जीत सकी। उन्होंने चुनाव नतीजों के लिए बैलेट मशीनों को जिम्मेदार ठहराने वालों पर निशाना साधते हुए कहा- जिन चुनावों को लेकर आरोप लग रहे हैं, वे बैलेट पेपर से कराए गए थे। इससे भाजपा की जीत के लिए बैलेट मशीनों को जिम्मेदार ठहराने का तर्क खारिज होता है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में 33 साल से कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री नहीं बना है। पश्चिम बंगाल और गुजरात में भी कांग्रेस लंबे समय से चुनाव नहीं जीत रही है।

ममता बनर्जी पर चाकू से हमले की कोशिश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके घर के पास मंगलवार शाम एक महिला ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। घटना शाम करीब 6 बजे की है, जब ममता अपने कालीघाट स्थित आवास के पास दुर्गा पंडाल का उद्घाटन करने जा रही थीं।

ममता इस घटना में घायल नहीं हुईं। घटना के बाद उन्होंने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और फिर अपने आवास लौट गईं। टीएमसी की पूर्व राज्यसभा सांसद डोला सेन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के मुताबिक, आरोपी महिला का नाम तनिष्ठा साहा है। वह इलाके में सिविक वॉलंटियर के तौर पर जानी जाती है। सेन ने आरोप लगाया कि महिला नशे की हालत में गाली-गलौज कर रही थी और चाकू लेकर ममता की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। एफआईआर में डोला सेन ने बताया कि आरोपी महिला ने खुद को ममता बनर्जी की भतीजी बताकर उनके पास पहुंचे की कोशिश की थी। इसके बाद उसने सड़क पर लेटकर हंगामा किया। टीएमसी ने घटना के पीछे साजिश की आशंका भी जताई है।

उज्जैन सहित प्रदेश में स्वामित्व योजना की रफ्तार पर सवाल

पांच दिन में 50 लाख रजिस्ट्री का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन सहित मध्यप्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत निजी संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य सरकार के लिए बड़ी प्रशासनिक चुनौती बन गया है। प्रदेश में 50 लाख संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने के लिए निर्धारित एक महीने की समयसीमा में अब महज पांच दिन शेष हैं, जबकि योजना शुरू होने के 25 दिन बाद सोमवार से पटवारियों ने रजिस्ट्री का काम शुरू किया है। शुरूआती दौर में पटवारियों के विरोध के कारण प्रक्रिया लगभग ठप रही। अब सरकार और पटवारी संघ के बीच सहमति बनने के बाद काम शुरू तो हुआ है, लेकिन इतने कम समय में लक्ष्य हासिल करना मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसे में योजना की समय सीमा बढ़ाए जाने की संभावना तेज हो गई है।

प्रदेश सरकार ने 17 सितंबर से स्वामित्व योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत 50 लाख निजी संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का उद्देश्य संपत्तियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों को व्यवस्थित करना और पात्र लोगों को उनके अधिकारों के प्रमाण उपलब्ध कराने में मदद करना है। हालांकि, शुरूआत से ही योजना के क्रियान्वयन में व्यावहारिक अड़चनें सामने आने लगीं। पटवारियों के विरोध के कारण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काम आगे नहीं बढ़ सका। अब सहमति बनने के बाद प्रक्रिया शुरू हुई है, लेकिन समय की कमी के चलते लक्ष्य पूरा करने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

साल भर में 10 लाख रजिस्ट्री, एक महीने में 50 लाख का लक्ष्य

पटवारी संघ ने योजना की समयसीमा को अव्यावहारिक बताते हुए कहा है कि प्रदेश में सामान्य परिस्थितियों में सालभर के दौरान लगभग 10 लाख रजिस्ट्री होती हैं। ऐसे में एक महीने के भीतर 50 लाख संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य पूरा करना आसान नहीं है। संघ का कहना है कि संपत्तियों के रिकॉर्ड का सत्यापन करने और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए, ताकि जल्दबाजी में गलतियां न हों और भविष्य में स्वामित्व को लेकर विवाद की स्थिति पैदा न हो। दरअसल, संपत्तियों की रजिस्ट्री केवल दस्तावेज तैयार करने तक सीमित प्रक्रिया नहीं है। इसमें उपलब्ध रिकॉर्ड का मिलान, स्वामित्व संबंधी विवरणों की जांच और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन भी शामिल है। इन प्रक्रियाओं में लापरवाही होने पर संबंधित संपत्ति मालिकों को आगे चलकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



महाकाल श्रृंगार



भस्म आरती में राजा स्वरूप में सजे महाकाल, भांग-चंदन और आभूषण अर्पित कर किया श्रृंगार,

अपनेतक

अपनी ही सरकार को आईना दिखाते शिवराज, सवालों के घेरे में मोहन सरकार

आदिवासियों के टूटे आशियानों ने खोल दी सत्ता और संवेदना के बीच की दूरी

सत्ता में रहते हुए व्यवस्था की कमियां अक्सर फाइलों में दब जाती हैं, लेकिन जब उन्हीं कमियों पर अपनी ही पार्टी का बड़ा नेता सवाल उठाने लगे, तो मामला सामान्य नहीं रह जाता। मध्यप्रदेश के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने के मामले में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का रुख कुछ ऐसा ही संदेश दे रहा है। जिस सरकार का नेतृत्व डॉ. मोहन यादव कर रहे हैं, उसी सरकार की प्रशासनिक कार्रवाई पर शिवराज का सार्वजनिक असंतोष कई सवाल खड़े करता है।

शिवराज का यह कहना कि जिन लोगों के वोट से भाजपा जीती और मोहन यादव मुख्यमंत्री बने, उन्हीं गरीब आदिवासियों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए था, महज एक बयान नहीं है। इसमें राजनीतिक संदेश भी है और प्रशासन के लिए चेतावनी भी। सवाल यह है कि क्या सरकार की योजनाओं में गरीब, आदिवासी और किसान केवल लाभार्थी हैं, या उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा भी सरकार की जिम्मेदारी है?

दूसरी ओर, वन विभाग का तर्क है कि कार्रवाई वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए की गई। यदि जमीन वन विभाग की है, तो कानून का पालन होना चाहिए। लेकिन कानून लागू करने का अर्थ यह नहीं कि मानवीय संवेदनाएं पीछे छूट जाएं। नोटिस, सुनवाई, पात्रता, पुनर्वास और कार्रवाई की प्रक्रिया—इन सभी सवालों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। न तो केवल भावनात्मक आरोपों के आधार पर प्रशासन को दोषी ठहराया जा सकता है और न ही अतिक्रमण का हवाला देकर हर कार्रवाई को उचित मान लिया जाना चाहिए।

इस प्रकरण में मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने भी चुनौती है। जांच के आदेश देना जरूरी कदम है, लेकिन असली कसौटी जांच की निष्पक्षता और उसके परिणाम होंगे। यदि अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी की है, तो जवाबदेही तय होनी चाहिए। यदि कार्रवाई नियमानुसार हुई है, तो सरकार को तथ्यों के साथ स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

इस पूरे घटनाक्रम का राजनीतिक पहलू भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिवराज लंबे समय तक मध्यप्रदेश की सत्ता का चेहरा रहे हैं, जबकि मोहन यादव वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। ऐसे में शिवराज का सार्वजनिक हस्तक्षेप नेतृत्व के बीच मतभेद की चर्चाओं को हवा दे सकता है। हालांकि, केवल इस घटना से दोनों के बीच सत्ता संघर्ष का निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। इतना जरूर है कि जब पार्टी का वरिष्ठ नेता अपनी ही सरकार के कामकाज पर सवाल उठाता है, तो सरकार की जवाबदेही और नेतृत्व के तालमेल पर चर्चा स्वाभाविक हो जाती है।

लोकतंत्र में सबसे बड़ा सवाल यह नहीं कि किस नेता ने किसे आईना दिखाया, बल्कि यह है कि आईना देखने के बाद व्यवस्था में सुधार हुआ या नहीं। आदिवासी परिवारों को न्याय, उनके नुकसान का आकलन और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही—यही इस विवाद का वास्तविक परिणाम होना चाहिए। अन्यथा यह मामला कुछ दिनों की राजनीतिक बयानबाजी बनकर रह जाएगा और जिनके घर उजड़े हैं, उनकी पीड़ा फिर सरकारी फाइलों में गुम हो जाएगी।

नरवर में कन्याओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

उज्जैन। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नरवर स्थित बहुचर माता मंदिर के सामने भव्य महाआरती और गरबा-डांडिया का आयोजन किया गया। किन्नर गुरु आशु बुआ जागीरदार के नेतृत्व में वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। रात 8 बजे विधि-विधान से बहुचर माता की पूजा-अर्चना के बाद महाआरती की गई।


तंत्र व बुरी शक्तियों से रक्षा की देवी : मेलड़ी माता

सौराष्ट्र की लोकदेवी, शिप्रा किनारे बनी आकर्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि ,बाबा महाकाल की नगरी मे भी उत्साह , उमंग व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। माता की सुन्दर मूर्तियां जगह जगह स्थापित की जाती हैं और कन्याएं व युवतियां मां की भक्ति मे डांडिया खेलती हैं। विभिन्न धार्मिक संगठन व मंडल नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत माता की विशाल मूर्तियां स्थापित करके गरबा व कन्याभोज आयोजित करते हैं। इस वर्ष विभिन्न मंडलों द्वारा स्थापित माता के विग्रह मे सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है कार्तिक मेला प्रांगण मे मां मेलडी तीर्थ ट्रस्ट द्वारा स्थापित मां मेलडी की विशाल मूर्ति। इस मूर्ति की विशेषता जो सभी का ध्यान आकर्षित कर रही है वह है माता की सवारी काला बकरा।

मां मेलडी की भव्य मूर्ति जो लगभग सौलह फिट ऊंची है काले बकरे पर सवार है। मेलडी माता के एक चरण बकरे के ऊपर है और दूसरा चरण हवा मे बिना किसी आधार के है। मूर्तिकार ने ऐसी मुद्रा वाली मूर्ति को बनाते समय निश्चित ही समुचित नाप व मापन किया है जिससे विशाल मूर्ति का भार पूरी तरह संतुलित है और वह कहीं भी डगमगा नहीं रही है। मूर्ति को मुंबई के कलाकार ने इन्दौर आकर ऐसा सुन्दर स्वरूप दिया है। मेलडी माता के सम्मुख प्रतिदिन रात आठ बजे से गरबा नृत्य होता है।





कौन है मेलडी माता

मेलडी माता का संबंध सौराष्ट्र से है और गुजरात, महाराष्ट्र व राजस्थान मे उनकी विशेष आराधना की जाती है। मेलडी माता को तंत्र व बुरी शक्तियों से रक्षा करनेवाली देवी की मान्यता है। मेलडी माता ,मूलतः देवी दुर्गा का ही रूप है। धार्मिक मान्यतानुसार अमरूवा नाम का राक्षस बहुत अत्याचार कर रहा था और माता दुर्गा ने जब उसका संहार करना चाहा तो वह मायावी शक्तियों का प्रयोग करके एक मृत गाय के कंकाल मे छुप गया। मृत शरीर को अपवित्र मानकर दुगार्जी उसके पास नहीं जा पा रही थीं अतः परमशक्ति मां दुर्गा ने अपने मैल से एक शक्ति उत्पन्न की जो देवी का एक भयंकर उग्र रूप था जो काले बकरे पर आसीन होकर प्रकट हुआ। इन्हे ही मां मेलडी कहा गया जिन्होने राक्षस अमरूवा का संहार किया। माता के इस रूप मे उनके हाथों में खडग, त्रिशूल जैसे शस्त्र और एक बोतल है । मान्यतानुसार बोतल मे मायावी व बुरी शक्तियां बंद हैं। माता मेलडी भक्तों के लिए तो दया व वात्सल्य का पुनीत भाव रखती हैं किन्तु दुर्जन और बुरी शक्तियों के लिए काल हैं। अतः मां मेलडी की उपासना द्वारा श्रद्धालु नजर, टोटके , बुरी नकारात्मक शक्तियों से सर्वथा सुरक्षित रहते हैं । माता अपने भक्तों की हर जगह रक्षा करती हैं।

अकाल के समय अक्षय पात्र के साथ प्राकट्य

एक अन्य लोककथा मे मां मेलडी का वर्णन सौराष्ट्र क्षेत्र मे पडे भीषण अकाल व सूखे के समय अक्षय पात्र लेकर प्रकट होने का दिया गया है। निरंतर सूखे के कारण जनता, मवेशी व पक्षी त्राहि त्राहि करने लगे और सभी लोग माता से रक्षा की याचना परंपरागत



लोकवाद्य डाकला बजाकर कर करने लगे तब माता मेलडी अक्षय पात्र लेकर प्रकट हुई और चारों तरफ अन्न व पानी उत्पन्न हो गया। अतः मां मेलडी को पशु, पक्षी व मानव की रक्षा करनेवाली देवी के रूप मे मान्यता मिली। वे सौराष्ट्र की लोकदेवी हैं और काले बकरे की सवारी करती हैं।

संघ के वरिष्ठ प्रचारक विनोद कुमार जी का श्रद्धांजलि सभा में किया स्मरण

विनोद कुमार जी का जीवन संगठन, निष्ठा, समर्पण और साधना का प्रेरक उदाहरण : कृष्ण गोपाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी के निमंत्रित सदस्य स्व. विनोद कुमार जी का उज्जैन में 6 अक्टूबर को निधन हो गया। लोकमान्य तिलक परिसर स्थित राजा भाऊ महाकाल सभा गृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल जी सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन, कार्य और संगठन के प्रति समर्पण का स्मरण किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल जी ने कहा कि विनोद कुमार जी का जीवन संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और निरंतर कार्यशीलता का प्रेरक उदाहरण रहा है। उन्होंने संघ की शिक्षा प्राप्त करने के साथ साधु जीवन जीकर दिखाया। उनका जीवन सादगी से ओत-प्रोत था और वे सिद्धांतों का कठोरता से पालन करते थे। वे अपने अनुशासित और दृढ़ व्यक्तित्व के कारण ह्यटाइगरह्ल के नाम से जाने जाते थे।

उन्होंने कहा कि विनोद कुमार जी का ध्येय संघ से प्रतिदिन नए परिवारों को जोड़ना था। इसी उद्देश्य से वे निरंतर नए कार्यकताओं और



उनके परिवारों से संपर्क करते रहते थे। उन्होंने मातृभूमि के दुख दूर करने का संकल्प लेकर अपना जीवन राष्ट्रकार्य के लिए समर्पित किया। वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आकाश में तारों की तरह स्थापित होकर सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

55 वर्षों का प्रचारक जीवन प्रेरणादायी

संघ के मध्य क्षेत्र के पूर्व संघचालक अशोक सोहनी ने कहा कि विनोद कुमार जी का प्रचारक के रूप में 55 वर्षों का जीवन प्रेरणादायी रहा। निरंतर कार्य में लगे रहना और निर्णय लेने की क्षमता उनकी अद्भुत विशेषताएं थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया ने कहा कि जीवन के प्रसंग में आंच, जांच और सांच का विशेष महत्व है। विनोद कुमार जी समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय उनके समाधान के लिए विचार करते थे।

विश्व हिंदू परिषद के विनोद शर्मा ने कहा कि त्याग, तपस्या और अनुशासन जैसे गुणों से उनका जीवन परिपूर्ण था। उन्होंने धर्म सेवा और राष्ट्रसेवा में अपना जीवन लगाया। जीवन कितना लंबा है, इससे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उसे किस प्रकार जिया जाए। विनोद कुमार जी अपने श्रेष्ठ जीवन, चिंतन और मार्गदर्शन से कार्यकताओं को प्रेरित करते थे। विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि विनोद कुमार जी सदैव कार्यकताओं की चिंता करते थे। प्रचारक के रूप में उन्होंने तपस्वी जीवन जिया। उनके साथ आत्मीय संबंध स्थापित हुए और वे उनके आध्यात्मिक मित्र बन गए थे।

महाकाल मंदिर के महेश पुजारी ने कहा कि विनोद कुमार जी भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। महाकाल मंदिर के पुजारियों, कर्मचारियों और भक्तों के प्रति उनका अद्भुत अनुराग था। सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने की भावना से वे निरंतर कार्य करते रहे।

आध्यात्मिक संत श्री राधे राधे बाबा ने कहा कि विनोद कुमार जी के जीवन और कर्म से यह प्रेरणा मिलती है कि मोक्ष की अनुभूति केवल मृत्यु के बाद ही नहीं, बल्कि जीते-जी भी प्राप्त की जा सकती है।

छह जिलों की छात्राओं ने दिखाया दमखम

कालिदास कन्या महाविद्यालय में संभाग स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में संभाग स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उज्जैन, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, देवास और रतलाम जिले की छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. अनिजवाल ने विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इनसे टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने का कौशल विकसित होता है जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने नवरात्रि के अवसर पर नारी सशक्तिकरण पर बात करते हुए कहा कि खेल का मैदान बेटियों के आत्मविश्वास और सामर्थ्य को अभिव्यक्त करने का सशक्त मंच है। प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहीं।

इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन, डॉ. स्मिता देराश्री, डॉ. मनीष परमार, क्रीड़ा सह-संयोजक इंदु बंसल, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अंजना जायसवाल और शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संजीत राय उपस्थित रहे।

दिग्विजय की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 20 अक्टूबर से

महाकाल से अयोध्या तक करेंगे पैदल मार्च, भव्य आयोजन के लिए बालाजी गार्डन का हुआ निरीक्षण

शिप्रा गार्डन में बैठक के बाद दद्दाजी की टीम ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण और भंडारे के लिए जगह का मुआयना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन के महाकाल मंदिर से 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' प्रारंभ होगी। 950 किलोमीटर की यह जनजागरण यात्रा ओरछा के रामराजा सरकार मंदिर से होते हुए अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक जाएगी। यात्रा के दौरान चंदा चोरी



और वोट चोरी पर जवाबदेही तय करने की मांग की जाएगी। इस पदयात्रा में कांग्रेस का कोई झंडा या पोस्टर इस्तेमाल नहीं होगा। दिग्विजय सिंह और उनकी पत्नी अमृता राय प्रतिदिन लगभग 15 किलोमीटर पैदल चलेंगे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने बताया कि यात्रा के शुभारंभ पर नृसिंह घाट के समीप बालाजी गार्डन में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। तैयारियों को लेकर मंगलवार को दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ठ शिष्य सुरेंद्र सुहाने और अभिषेक गौर सागर से उज्जैन आए। उन्होंने दिग्विजय सिंह की ओर से यात्रा का समन्वय कर रहे योगेंद्र सिंह परिहार के साथ शिप्रा गार्डन में व्यवस्थापकों की बैठक की। इसके बाद दादाजी और दिग्विजय सिंह की टीम के सदस्यों ने बालाजी गार्डन पहुंचकर भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण और भंडारे के लिए जगह का बारीकी से निरीक्षण किया। यात्रा के विशेष रथ में देश की पांच पवित्र नदियों के जल कलश स्थापित किए जाएंगे। भरत पोरवाल के निर्देशन में महावीर जैन और सतीश शर्मा इस विशेष रथ का निर्माण कर रहे हैं।

अग्रसेन जयंती पर निकला चल समारोह, दीपेश अग्रवाल बने नवयुवक मंडल के अध्यक्ष

उज्जैन। श्री अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। मनोरमा गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान दीपेश अग्रवाल को अग्रवाल नवयुवक मंडल का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

चल समारोह गोला मंडी धर्मशाला से प्रारंभ होकर कोयला फाटक स्थित मनोरमा गार्डन पहुंचा। मुख्य समारोह में मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल और वैश्य समाज के राजेश अग्रवाल ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर समाज की एकता, संगठन और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

योजनाबद्ध शिफ्टिंग का अभाव, परेशान आमजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरानी कहावत है जल्दी का काम शैतान का। यह कहावत चरितार्थ होती नजर आती है जब देवासगेट से बस स्टेण्ड जल्दबाजी मे नानाखेडा शिफ्ट किया गया। योजनाविहिन कार्य सदैव ही परेशानियों का सबब बनता है। नानखेडा स्टेण्ड के अंदर पहले से ही प्रतिदिन लगभग ढाई सौ बसों का इंदौर व देवास रूट पर संचालन होता था ऊपर से शिफ्टिंग के कारण लगभग डेढ सौ बसों का अतिरिक्त दबाव भी बढ गया। ऐसे मे बस स्टेण्ड के अंदर बसों के लिए अपर्याप्त जगह रही और इंदौर जानेवाली बसें मुख्य सडक पर खडी रहीं । बसों के मुख्य सडक पर होने से इंदौर रोड पर आवागमन बाधित होता रहा। बस स्टेण्ड पर अपने गंतव्य रूट की बस ढूंढने मे भी यात्रियों को दिक्कत हुई।

यात्री प्रतीक्षालय मे उद्घोषणा की कोई व्यवस्था न होने से किसी भी रूट की बस की जानकारी न रही ऐसे मे यात्री अपनी बस ढूंढते रहे। वृद्ध और फैमिली के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को बहुत परेशानी हुई। सामान लेकर बच्चों के साथ बस ढूंढते हुए बहुत से यात्री घूमते रहे।





पेयजल के अपर्याप्त नल

प्रतीक्षालय मे मात्र चार ही नल हैं वे भी पर्याप्त दबाव से नहीं चल रहे। ऐसी स्थिति मे पेयजल को लेकर भी यात्री परेशान होते रहे।

पहुंच मार्ग पर क्रेन का जमावडा

नानाखेडा बस स्टेण्ड के पहुंच मार्ग पर कुछ क्रेन मालिकों ने अवैध पार्किंग कर कब्जा कर रखा है। वाहन स्टेण्ड के बाहर कतारबद्ध बहुत सी क्रेन खडी रहती हैं। यात्रियों को बस स्टेण्ड पहुंचने मे ये बाधा बनी हुई हैं।

10वीं जिला जंप रोप स्पर्धा का शुभारंभ, 150 खिलाड़ी दिखा रहे हुनर

पदक विजेताओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं जिला जंप रोप प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस स्पर्धा में जिले के करीब 150 खिलाड़ी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. सतिंदर कौर सलूजा और विशेष अतिथि विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंड्या उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रबंधक सरोज वागले, डायरेक्टर राहुल पंड्या, सीसीओ राखी मेहता और वाइस प्रिंसिपल पल्लवी दिवाकर ने किया। क्रीड़ा विभाग के अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित कर उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

सनातन मंच के गरबा महोत्सव में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़

उज्जैन। न्यू इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर सनातन मंच द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। पारंपरिक गरबा और मां दुर्गा की आराधना के बीच पूरा परिसर उत्साह व उल्लास से सराबोर नजर आया।

सनातन मंच के मीडिया प्रभारी आशीष जैन ने बताया कि महोत्सव में युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने बड़ी संख्या में भागीदारी कर भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है, जिससे नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और पारंपरिक उत्सवों से जोड़ा जा सके।

आयोजन में सनातन मंच के अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष उमेश लिटोरिया, सचिव चंद्रपाल दीक्षित, कोषाध्यक्ष सुनील बामनिया, मीडिया प्रभारी आशीष जैन और महामंत्री जितेंद्र राव सहित अन्य सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

उज्जैन
बुधवार
14
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

अव्याकरणमधीतं भिन्नद्रोण्या तरंगिणी तरणम्।
भेषजमपथ्यसहितं त्रयमिदमकृतं वरं न कृतम्।।

अर्थ: बिना व्याकरण के पढ़ना, टूटी हुई नाव से नदी पार करना और अनुपयुक्त आहार के साथ दवा लेना इन ऐसा करने से बेहतर है कि इसे न करें।

खबर एक नजर...

छात्रों का फ्री में दुर्घटना स्वास्थ्य बीमा होगा

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी (डीएवीवी) छात्रों के हित में बड़ा कदम उठाने जा रही है। तक्षशिला परिसर के 30 यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में पढ़ने वाले 14 हजार छात्रों का मुफ्त एक्सीडेंटल और स्वास्थ्य बीमा (मेडिक्लेम) कराया जाएगा। छात्रों से इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। नामांकन नंबर के आधार पर छात्रों का डाटा जुटाया जा रहा है और 1 जनवरी से योजना शुरू करने की तैयारी है। पासआउट होने के बाद छात्र स्वतः इस बीमे के दायरे से बाहर हो जाएंगे। यूटीडी के 30 विभागों के छात्रों का एक्सीडेंटल बीमा होगा। इन्हीं 14 हजार यूटीडी छात्रों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। डीएवीवी से संबद्ध 240 कॉलेजों के 2.30 लाख स्टूडेंट्स का दुर्घटना बीमा कराया जाएगा।

बायपास एमआर-10 जंक्शन, ब्रिज की दोनों लेन आज से होंगी शुरू

इंदौर। लगभग चार साल से चल रहे बेस्ट प्राइस-एमआर 10 थ्री लेयर जंक्शन पर बुधवार से फ्लायओवर को पूरी तरह वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। अब तक सिर्फ कनाड़िया और राऊ तरफ से आने वाले वाहन फ्लायओवर के ऊपर से निकल रहे थे। अब देवास तरफ से आने वाली गाड़ियों को भी फ्लायओवर के ऊपर से निकाला जाएगा। साथ ही बेस्ट प्राइस वाली सड़क से आने वाले वाहन भी फ्लायओवर के नीचे बने बोगदों का उपयोग करते हुए झलारिया, हिंगोनिया और मॉल तक पहुंच सकेंगे। दूसरी तरफ देवास से आने वाले वाहन और झलारिया वासी भी बोगदों से होते हुए विजय नगर तरफ जा सकते हैं। एक माह पहले शुरू हुई थी एक लेन : फ्लायओवर की एक लेन दो माह पहले 11 अगस्त को शुरू की गई थी। ब्रिज पर लाइट के लिए पोल भी लग गए हैं और दोनों तरफ के स्लोप भी पूरे हो चुके हैं, क्योंकि अब तक आधे हिस्से में वाहनों को लेन बदलना थी, इसीलिए कई हिस्सों में बीच के डिवाइडर नहीं बने हैं। उन्हें आने वाले दिनों में पूरा बनाया जाएगा। एमआर-10 जंक्शन सहित रालामंडल जंक्शन और अर्जुन बड़ोद पर फ्लायओवर बनाने का काम 2023 में शुरू हुआ था, जिसे पूरा करने की डेडलाइन जुलाई 2024 थी। ब्रिज अब जाकर अक्टूबर 2026 में शुरू हो रहा है।

यूपीआई ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट चार्ज स्थगित, व्यापारियों ने बांटी मिठाई

इंदौर। इंदौर में 2000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर प्रस्तावित मर्चेंट चार्ज को फिलहाल स्थगित किए जाने के निर्णय का अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। निर्णय की खबर से व्यापारियों में उत्साह देखने को मिला। राजबाड़ा क्षेत्र में चेम्बर्स के संयुक्त सचिव अक्षय जैन के साथ व्यापारियों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज लंबे समय से यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित मर्चेंट चार्ज का विरोध कर रहा था। चेम्बर्स का कहना था कि पहले से सीमित मुनाफे पर कारोबार कर रहे व्यापारियों पर अतिरिक्त शुल्क का बोझ डालना उचित नहीं है। इससे छोटे और मध्यम कारोबारियों की लागत बढ़ने के साथ ही उनके मुनाफे पर भी असर पड़ने की आशंका थी। इस मुद्दे पर शहर के व्यापारिक संगठनों ने एकजुट होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। चेम्बर्स की बैठकों में भी व्यापारियों ने स्पष्ट किया था कि डिजिटल भुगतान की सुविधा का वे समर्थन करते हैं, लेकिन इसके लिए व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार नहीं डाला जाना चाहिए। राजबाड़ा क्षेत्र में मिठाई वितरण के दौरान व्यापारियों ने निर्णय को फिलहाल राहत के रूप में देखते हुए खुशी जाहिर की। चेम्बर्स ने उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों की समस्याओं और उनके व्यावहारिक पक्ष को ध्यान में रखते हुए आगे भी सकारात्मक रुख अपनाएगी।

महापौर ने सीएम से मांगा 50 करोड़ का पैकेज

इंदौर। इस साल कम बारिश के चलते गर्मी में पेयजल आपूर्ति को देखते हुए इंदौर में अभी से जल प्रबंधन की तैयारी शुरू हो गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर शहर की पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए 50 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग की। यशवंत सागर और बिलावली तालाब में जल संग्रहण बढ़ाने के लिए नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना से पानी उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर चर्चा की। महापौर ने मुख्यमंत्री के सामने शहर की पेयजल जरूरतों को देखते हुए दोनों जल स्त्रोतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध रखने का मुद्दा उठाया। उन्होंने नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना के माध्यम से यशवंत सागर तालाब को भरने और परियोजना की चैनल के जरिए बिलावली तालाब तक पानी पहुंचाने की संभावना पर भी विचार करने का आग्रह किया। महापौर ने कहा कि कम बारिश की स्थिति में शहर की पेयजल जरूरतें पूरी करने के लिए जल स्त्रोतों में पर्याप्त पानी का संग्रहण जरूरी है। इसके लिए नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना से जरूरत के अनुसार दोनों तालाबों के लिए पानी छोड़े जाने की संभावना पर भी चर्चा हुई। महापौर ने पेयजल संकट की आशंका का स्थायी और प्रभावी समाधान करने के लिए राज्य सरकार से आवश्यक सहयोग मांगा। प्रस्तावित 50 करोड़ रुपए के पैकेज का उद्देश्य शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करना और आने वाले समय में लोगों को नियमित जलप्रदाय सुनिश्चित करने की तैयारी करना है।

नागर ब्राह्मण महिला परिषद की संजा प्रतियोगिता में मधु नागर और प्रतिभा मण्डलोई प्रथम

देश-विदेश की नागर महिलाओं ने भेजीं प्रविष्टियां, बालिका वर्ग में उर्वी मेहता ने मारी बाजी


ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सोनिया मण्डलोई की पहल पर 10 अक्टूबर 2026 को संजा बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेश सहित देश-विदेश में निवासरत नागर समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पारंपरिक गोबर से संजा बनाने के साथ ही ड्राइंग के माध्यम से भी संजा की आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत की गईं।

प्रतियोगिता का आयोजन कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती नेहा मेहता, महासचिव श्रीमती प्रतिभा मेहता एवं श्रीमती अर्चना व्यास के सहयोग से किया गया। विभिन्न वर्गों में प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन श्रीमती उर्मिला त्रिवेदी शाजापुर, श्रीमती सीमा आलोक नागर उज्जैन,


मधु नागर


प्रतिभा मंडलोई


उर्वी मेहता

श्रीमती कविता रावल इंदौर तथा श्रीमती पूनम मण्डलोई खण्डवा ने निर्णायक के रूप में किया।

ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रतिभा मण्डलोई अव्वल- महिला वर्ग की संजा ड्राइंग प्रतियोगिता में खण्डवा की श्रीमती प्रतिभा संजय मण्डलोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मलेशिया की श्रीमती पूजा रवि परोत और उज्जैन की श्रीमती नेहा अम्बरीष नागर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। देवास की श्रीमती मोनिका मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि खण्डवा की श्रीमती दर्शन ललित भट्ट को सांत्वना पुरस्कार मिला।

बालिका वर्ग में पूर्वी मेहता प्रथम- बालिका वर्ग की ड्राइंग प्रतियोगिता में उज्जैन की पूर्वी उत्सव मेहता ने प्रथम, इंदौर की शर्वाणि मनीष नागर ने द्वितीय तथा उज्जैन की ब्रिशा राहुल मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के माध्यम से संजा की पारंपरिक कला को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया। परिषद की ओर से सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

गोबर से संजा बनाने में मधु नागर प्रथम

महिला वर्ग की गोबर से संजा बनाने की प्रतियोगिता में अभयपुर की श्रीमती मधु मनोज नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाजापुर की श्रीमती तृप्ति नवीन व्यास और नानपुर की श्रीमती पिंकी नागर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। उज्जैन की श्रीमती सीमा मुरलीधर नागर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

इंदौर में छात्रों की भूख हड़ताल का दूसरा दिन, दो की तबीयत बिगड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर श्री राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के पदाधिकारी व छात्र होलकर कॉलेज में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर है। सोमवार को ही ये भूख हड़ताल शुरू की गई है और मंगलवार को भूख हड़ताल का दूसरा दिन था। इस दौरान छात्र की तबीयत बिगड़ गई, जबकि एक युवती बेहोश हो गई थी।

दरअसल 25 सितंबर को कॉलेज में गणेश विसर्जन के दौरान हुए विवाद के चलते कुछ स्टूडेंट्स को टीसी दे दी थी। भूख हड़ताल पर राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के होलकर कॉलेज के उपाध्यक्ष व स्टूडेंट हर्ष तिवारी के मुताबिक 25 सितंबर को दो गुटों में विवाद हुआ था, जिसमें उन्हें और उनके सात साथियों को टीसी दे दी और एफआईआर भी दर्ज करा दी।

टीसी उन्हें 25 सितंबर को हुए विवाद के लिए दी, लेकिन सस्पेंशन लेटर वेबसाइट में 24 सितंबर को ही तैयार कर दिया। लेटर में 24 तारीख डली हुई है और उसमें ऑफिशियल सील साइन भी है। यहां अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं।





संगठन की चार प्रमुख मांगें

गणेश विसर्जन विवाद में निलंबित विद्यार्थियों का निलंबन तत्काल निरस्त किया जाए। गणेश विसर्जन के दिन हुए विवाद के संबंध में कॉलेज प्रशासन द्वारा जारी नोटिस की तारीख को लेकर संगठन ने गंभीर सवाल उठाए हैं। करणी सेना छात्र संगठन, होलकर इकाई के अध्यक्ष विकेंद्र सिंह की टीसी वापस ली जाए। संगठन का कहना है कि विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में कॉलेज प्रशासन को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निर्णय लेना चाहिए तथा किसी भी विद्यार्थी के शैक्षणिक भविष्य को प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। इंटर्नशिप प्रकरण एवं फीस संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक की जाए। संगठन की मांग है कि इन मामलों में पारदर्शिता बरती जाए, विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जाए तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आई है, तो जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। होलकर कॉलेज का पिछला गेट विद्यार्थियों के लिए तत्काल खोला जाए। गेट बंद रहने के कारण विद्यार्थियों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मंगलवार को बिगड़ी तबीयत उल्टी हुई- इधर, भूख हड़ताल के दौरान एक युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसे उल्टी हुई थी। वहीं प्रदर्शन में शामिल एक युवती भी बेहोश हो गई थी। वहीं प्रदर्शन करने वाले कॉलेज प्रबंधन से जवाब मांगा है।

डिजिटल रजिस्ट्रेशन में लापरवाही पर 38 अस्पतालों को नोटिस



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अनिवार्य डिजिटल रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं करना शहर के 38 अस्पतालों को भारी पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने इन अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

निर्धारित समय-सीमा में हेल्थ फेसेलिटी रजिस्ट्री और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री में रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले अस्पतालों को अब एक महीने का नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी निदेशों का पालन नहीं करने पर संबंधित अस्पतालों का पंजीयन निरस्त किया जा सकता है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिले के अस्पतालों को एचएफआर और एचपीआर में रजिस्ट्रेशन कराकर आईडी बनाने के लिए पहले ही निर्देश दिए जा चुके थे। स्वास्थ्य विभाग ने पत्र जारी कर अस्पतालों को इसकी याद दिलाई थी। इसके बावजूद कई अस्पतालों ने प्रक्रिया पूरी नहीं की। इसके बाद विभाग ने 58 अस्पतालों को पत्र जारी कर तीन दिन के भीतर एचएफआर-एचपीआर आईडी बनाने के निर्देश दिए थे। समय-सीमा पूरी होने के बाद भी 38 अस्पतालों ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं की। अब इन अस्पतालों को एक माह का नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी के अनुसार, हेल्थ फेसेलिटी रजिस्ट्री में स्वास्थ्य संस्थानों का, जबकि हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री में पात्र चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों का रजिस्ट्रेशन किया जाना आवश्यक है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ना और स्वास्थ्य संस्थानों के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का व्यवस्थित डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है।

अंधेरा होने से एक्सीडेंटल जोन बना व्हाइट चर्च चौराहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

व्हाइट चर्च चौराहे पर सोमवार देर रात 3 बजे तेज रफ्तार सफेद फॉर्च्यूनर कार ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हैं। टक्कर मारने के बाद वह सड़क पर लगी रेलिंग में जा घुसी। उसके एयर बलून फूलकर बाहर आ गए थे। चालक गिरफ्तार कर लिया गया है। संयोगितागंज टीआई केपी यादव ने बताया, आरोपी चालक का नाम यश (21) पिता धर्मेंद्र कुनवानी पता चला है। हादसे में आदिल (21) पिता अब्बास निवासी आजाद नगर की मौत हो गई, वह मैकेनिक था। अल्फेज (18) पिता रब्बान और अल्लू (16) दोनों आजाद नगर गंभीर घायल हैं। उक्त कार अशोक यादव निवासी एरोड्रम के नाम पर रजिस्टर्ड है। इंदौर के हीरानगर में मंगलवार सुबह एक युवक चाबी लगी मिनी बस लेकर भाग निकला। आरोपी ने भानगढ़ से एमआर-10 रोड पर 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 2 किमी तक बस दौड़ाकर कई वाहनों को टक्कर मारी।

इंदौर में ब्रोकर समेत दो पर एफआईआर, एग्रीमेंट के बाद कब्जा दिया और न कराई रजिस्ट्री


प्लॉट बेचने के नाम पर 7.80 लाख रुपये की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम थाना पुलिस ने प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में ब्रोकर और प्लॉट बेचने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आरोप है कि दोनों ने प्लॉट का सौदा करने के बाद फरियादी से 7 लाख 80 हजार रुपए ले लिए, लेकिन न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही कब्जा दिया। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने नंदकिशोर मनावत और धर्मेंद्र ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक नंदबाग कॉलोनी निवासी विजय चौहान ने शिकायत में बताया कि उन्होंने नंदबाग में एक प्लॉट



का सौदा 9 लाख 30 हजार रुपए में तय किया था। इस सौदे के लिए एग्रीमेंट भी किया गया था। फरियादी ने 7 लाख 80 हजार रुपए नकद और ऑनलाइन माध्यम से दिए थे। इसके बावजूद उन्हें प्लॉट का कब्जा नहीं मिला और रजिस्ट्री भी नहीं कराई गई।

ब्रोकर के माध्यम से हुआ था सौदा

विजय चौहान के अनुसार, धर्मेंद्र ठाकुर ने उन्हें बताया था कि नंदकिशोर मनावत उसका परिचित है और वह अपना प्लॉट बेचना चाहता है। प्लॉट के सौदे में धर्मेंद्र ने ब्रोकर की भूमिका निभाई और इसके लिए 10 हजार रुपए लिए थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बाद में प्लॉट की रजिस्ट्री और कब्जे की मांग करने पर उन्हें टालमटोल का सामना करना पड़ा।

25 से ज्यादा केस होने की धमकी देने का आरोप- फरियादी ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने रजिस्ट्री और कब्जे के लिए दबाव बनाया, तो धर्मेंद्र ने कथित तौर पर धमकाते हुए कहा कि उसके खिलाफ 25 से ज्यादा केस चल रहे हैं। साथ ही, उसके या नंदकिशोर के पास आने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। शिकायत के मुताबिक, पुलिस में शिकायत करने की बात कहने के बाद नंदकिशोर ने 2 लाख 50 हजार रुपए नकद और 30 हजार रुपए ऑनलाइन वापस किए। हालांकि, बाकी 5 लाख रुपए लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद विजय चौहान ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। मामले की जांच के बाद एरोड्रम थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इंदौर में ट्रैफिक सुधार पर हाईकोर्ट सख्त, पूछा-समाधान कहां है?

92 में से सिर्फ 28 सिग्नल आईटीएमएस से जुड़े, ट्रैफिक पुलिस के 221 पद खाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था, जर्जर सड़कों और पुराने न्यायालयीन आदेशों के पालन में देरी पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नगर निगम और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने पूछा कि शिकायतें दर्ज करना काफी नहीं, समाधान कहां है?

मंगलवार को जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की बेंच के सामने सुनवाई में ट्रैफिक सिग्नलों के बीच समन्वय की कमी, पुलिस बल के रिक्त पद, पार्किंग की समस्या और निमार्णाधीन सड़कों की बदहाली जैसे मुद्दे उठे।

राजलक्ष्मी फाउंडेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यातायात सुधार के लिए



विभागों के बीच बेहतर तालमेल और जवाबदेही तय करने के सुझाव भी रखे गए।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया और शिरीन सिलावट ने बताया कि शहर में कुल 92 ट्रैफिक सिग्नल हैं। इनमें 58 स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और 34 नगर निगम के अधीन हैं, लेकिन केवल 28 सिग्नल ही इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़े हैं। अलग-अलग विभागों के सिग्नलों में तालमेल नहीं होने से वाहन चालकों को चौराहों पर बार-बार रुकना पड़ता है। इससे जाम और यात्रा में देरी होती है। सभी सिग्नलों को एकीकृत व्यवस्था से जोड़कर उनका समन्वित संचालन करने की जरूरत बताई गई।

221 पुलिसकर्मियों की कमी, 40 प्रवेश मार्गों पर बैरियर का सुझाव

यातायात पुलिस में स्वीकृत 881 पदों के मुकाबले 660 पुलिसकर्मी उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। यानी 221 पद खाली हैं। पुलिस बल की कमी के कारण प्रमुख चौराहों, व्यस्त सड़कों और बाजारों में यातायात नियंत्रित करने में परेशानी होने का मुद्दा उठाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने शहर के करीब 40 प्रमुख प्रवेश मार्गों पर स्वचालित हाइड्रोलिक बैरियर लगाने का सुझाव दिया। अभी इन स्थानों पर भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। सुझाव के मुताबिक, बैरियर लगने से करीब 140 से 170 पुलिसकर्मियों को मुक्त कर शहर के भीतर प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर लगाया जा सकता है। यह नई भर्ती होने तक उपलब्ध पुलिस बल के बेहतर उपयोग का प्रस्ताव है।

311 एप पर शिकायतें दर्ज करना काफी नहीं

सड़कों पर गड्ढों और खराब सतह का मुद्दा उठने पर नगर निगम ने बताया कि 311 एप के जरिए क्षतिग्रस्त सड़कों की तस्वीरें अपलोड कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस पर अदालत की चिंता यह रही कि शिकायत दर्ज करने की सुविधा से ही समस्या हल नहीं होती। वास्तविक कार्रवाई और समय पर मरम्मत भी जरूरी है। नगर निगम से यह जानकारी मांगे जाने का मुद्दा उठा कि कितनी शिकायतें मिलीं, कितनों का निराकरण हुआ और कितनी लंबित हैं। यानी व्यवस्था की सफलता शिकायतों की संख्या से नहीं, बल्कि उनके समाधान से आंकी जानी चाहिए। सुनवाई में विजय नगर चौराहे से देवास नाका तक सड़क की खराब स्थिति का मुद्दा भी रखा गया।

खबर एक नजर...

सिंगरौली की बैंक में लूट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

सिंगरौली। सिंगरौली में 17 अप्रैल 2026 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई लूट के मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बिहार के पटना निवासी 26 साल के पीयूष जायसवाल के रूप में हुई है। उसे ओडिशा की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर सिंगरौली लाया गया है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। दरअसल, 17 अप्रैल की दोपहर 5 हथियारबंद बदमाशों ने सिंगरौली के बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की और 15 करोड़ का सोना और 20 लाख रुपए कैशलूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, पीयूष इस वारदात का मुख्य आरोपी है। सिंगरौली एसपी शियाज केएम ने बताया कि पीयूष जायसवाल अंतरराज्यीय लूट गिरोह का कथित सरगना है। वह बिहार का लिस्टेड अपराधी है। जांच में सामने आया है कि वह ओडिशा जेल में बंद रहकर लूटपाट की साजिश रचता था। एसपी के मुताबिक, वह 2021 से अब तक अलग-अलग राज्यों और जिलों में 90 किलो से ज्यादा सोने की लूट की वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और लूटे गए सोने को ठिकाने लगाने के ठिकानों का पता लगा रही है।

घर में घुसकर महिला के सिर में मारी गोली, तीन बच्चों के साथ कमरे में थी महिला

मुरैना। मुरैना जिले के अंबाह में मंगलवार शाम घर में घुसकर एक युवक ने 36 साल की बानू तोमर को गोली मार दी। गोली महिला के सिर में आंख के पास लगी। गंभीर हालत में महिला को पहले अंबाह सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल मुरैना रेफर किया गया। बाद में महिला को ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

वारदात शाम 7 बजे खजूरी रोड स्थित घर में हुई। घटना के समय बानू अपने तीन बच्चों के साथ कमरे में थीं। जबकि उसकी सास दूसरे कमरे में सो रही थीं। उनकी बेटी दीपाली के मुताबिक, नीली टी-शर्ट पहने एक युवक घर में घुसा और कमरे में आते ही मां पर गोली चला दी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बानू के पति शैलेंद्र तोमर खंडवा में प्राइवेट नौकरी करते हैं।

गुना में टीचर से बात करने पर युवक का अपहरण

गुना। गुना कैंट थाना क्षेत्र में साथ पढ़ाने वाली टीचर से बातचीत करने पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि उसने युवती से बात करना बंद कर दिया था, फिर भी उमेश पाल और उसके साथियों ने उसका अपहरण कर मारपीट की। मामले में कोर्ट ने आरोपी उमेश पाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। युवक ने 12 सितंबर को कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता है। उसी स्कूल में एक युवती भी पढ़ाती है और दोनों के बीच बातचीत होती थी। युवक के मुताबिक, करीब 15-20 दिन पहले उमेश पाल ने उसे युवती से बात नहीं करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद उसने बातचीत बंद कर दी थी। युवक ने शिकायत में बताया कि 12 सितंबर की सुबह करीब 7:30 बजे वह कालापाठा कैंट स्थित घर से स्कूल जा रहा था। खेल अकादमी के पास उमेश पाल और उसके साथी खड़े थे। युवक के वहां पहुंचते ही उन्होंने उसकी गाड़ी रोकी और युवती से बातचीत करने को लेकर सवाल किया। शिकायत के मुताबिक, आरोपी युवक को मोटरसाइकिल पर बीच में बैठाकर नई सड़क स्थित एक कॉम्प्लेक्स में ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद उसे कार में बैठाकर बूढ़े बालाजी की तरफ खेतों में ले जाया गया। युवक का आरोप है कि वहां भी उसके साथ मारपीट की गई और जबरदस्ती बयान रिकॉर्ड किए गए।

दतिया में मां पीतांबरा के दरबार पहुंचे मंत्री तुलसी सिलावट

दतिया। दतिया में शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन मंगलवार रात कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट मां पीतांबरा पीठ पहुंचे। उन्होंने मां बगलामुखी के दर्शन किए और आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंत्री ने प्राचीन वनखंडेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंत्री के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई थी। नवरात्रि के दौरान यहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। राजनीतिक और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां भी मां के दर्शन करने पहुंच रही हैं। दतिया की मां पीतांबरा पीठ देशभर में प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां विराजमान मां बगलामुखी को दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या माना जाता है।

हाई कोर्ट ने कहा - टीईटी से छूट की मांग पर 60 दिन में फैसला करें

भोपाल। मप्र हाई कोर्ट ने शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से छूट देने की मांग पर शासन को 60 दिन में फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक कुमार सिंह ने 12 अक्टूबर को अनिल कुमार तोमर सहित अन्य शिक्षकों की याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में 3 सितंबर 2001 से पहले, विशेषकर 1997 से 1999 के बीच नियुक्त शिक्षाकर्मियों को टीईटी से छूट और पदोन्नति में राहत मांगी गई है। हालांकि, टीईटी से छूट या पदोन्नति पर कोई अंतिम फैसला नहीं दिया।

जल्द लॉन्चिंग की तैयारी; टिकट नहीं देने वाले कंडक्टर पर कार्रवाई का प्रावधान भी रहेगा

एमपी में ट्रेन की तरह एप से बस टिकट बुकिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



एमपी में बस से सफर करने वालों को जल्द ही ट्रेन की तरह मोबाइल से टिकट बुक करने की सुविधा मिल सकती है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत रेलवे के आईआरसीटीसी की तर्ज पर मोबाइल एप तैयार कराया जा रहा है।

इसके जरिए यात्री घर बैठे बस का रूट, चढ़ने का स्थान और गंतव्य चुनकर टिकट बुक कर सकेंगे। शुरूआत भोपाल और इंदौर के आईएसबीटी से करने की तैयारी है। हालांकि, एप का नाम, डाउनलोड लिंक और बुकिंग शुरू होने की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है।

योजना में टिकट बुकिंग के साथ बसों की निगरानी, जीपीएस और कैमरे चालू रखने और टिकट नहीं देने वाले कंडक्टर पर कार्रवाई का प्रावधान भी शामिल है। यात्रियों के लिए सबसे अहम सवाल यह है कि टिकट किस एप पर मिलेगा, बुकिंग के समय कितना पैसा देना होगा, बस कहां से मिलेगी और किसी कारण से बस छूट जाने पर उसी टिकट से अगली बस में सफर कर सकेंगे या नहीं। उपलब्ध जानकारी में इन सभी सवालों के अंतिम नियम अभी स्पष्ट नहीं हैं। सरकार जल्द ही एप लॉन्च करने वाली है। मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमपी-वायपीआईएल) आईआरसीटीसी की तर्ज पर मोबाइल एप तैयार करा रही है। अभी एप का आधिकारिक नाम, गूगल प्ले स्टोर या एपल एप स्टोर का लिंक और वेबसाइट की जानकारी जारी नहीं हुई है। इसलिए फिलहाल किसी अनधिकृत एप या लिंक से टिकट बुक करने से बचें। आधिकारिक जानकारी परिवहन विभाग या सेवा संचालित करने वाली एजेंसी की घोषणा के बाद ही मिलेगी।

क्या टिकट बुक करते समय ही पूरा किराया देना होगा?

ऑनलाइन टिकट बुकिंग में भुगतान की व्यवस्था प्रस्तावित है। योजना के मुताबिक, टिकट की राशि सीधे संबंधित बस ऑपरेटर के खाते में जमा होगी। एप के संचालन के लिए टिकट राशि पर 0.1 से 0.2 प्रतिशत तक कन्विनियंस फीस लेने की व्यवस्था पर भी काम हो रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हर टिकट के लिए पूरा किराया बुकिंग के समय ही देना होगा या कोई दूसरा विकल्प भी मिलेगा। यूपीआई, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या वॉलेट में से कौन-कौन से भुगतान विकल्प होंगे, इसकी आधिकारिक जानकारी भी सामने नहीं आई है। कन्विनियंस फीस किस पर और किस तरह लागू होगी, यह भी अंतिम नियमों से स्पष्ट होगा।

गिफ्ट और इनाम का झांसा देकर जेवरात की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर में कंपनी की स्कीम और गिफ्ट का लालच देकर महिलाओं को ठगने वाला गिरोह जबलपुर में सक्रिय है। गिरोह में शामिल दो महिलाएं एक बच्चे को साथ लेकर घरों के आसपास पहुंचती हैं। पहले कंपनी की स्कीम बताकर दोस्ती करती हैं, फिर भरोसा जीतने के बाद जेवरात लेकर फरार हो जाती हैं। रिछाई में रहने वाली खुशबू पटेल ने मंगलवार रात रांझी थाने में शिकायत दर्ज कराई कि दो महिलाएं उनसे करीब 4 लाख रुपए के जेवरात ले गईं। पीड़िता के पास एक महिला का फोटो और छोटा वीडियो है। इसके आधार पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। मामले में पुलिस की पांच टीमें लगाई गई हैं।

खुशबू पटेल ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह घर के बाहर घूम रही थीं, तभी दो महिलाएं उनके पास आईं। उन्होंने खुद को एक कंपनी में काम करने वाला बताया और कहा कि कंपनी की स्कीम के तहत सोने-चांदी के जेवरात के साथ फोटो खिंचवाने पर इनाम दिया जाता है। खुशबू ने चांदी की झुमकी के साथ फोटो खिंचवाई तो महिला ने उन्हें स्टील का डिब्बा गिफ्ट में दिया और चली गई। अगले दिन सोमवार को महिला फिर पहुंची। इस बार खुशबू ने चांदी की पायल दिखाई, जिसके बदले उसे एक और गिफ्ट दिया गया। लगातार दो दिन घर आने और गिफ्ट देने से खुशबू को महिलाओं पर भरोसा हो गया। शिकायत के मुताबिक, मंगलवार शाम दोनों महिलाएं एक बच्चे के साथ फिर खुशबू के घर पहुंचीं। इस बार वे घर के अंदर तक आ गईं। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा जेवरात के साथ फोटो खिंचवाएंगे, उतना बड़ा इनाम मिलेगा।

केन-बेतवा: पानी से पहले 5 गुना महंगी जमीन

लागत 20 हजार करोड़ रुपए बढ़ी, पहाड़ काटकर 1.93 किमी लंबी सुरंग बनाने के लिए ब्लास्टिंग चल रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छतरपुर

छतरपुर के काबर गांव में दो साल पहले तक कंकड़ वाली लाल मिट्टी की जमीन 2 से 3 लाख रुपए प्रति एकड़ में भी खरीदने वाला नहीं मिलता था। अब उसी जमीन के भाव 10 से 11 लाख रुपए प्रति एकड़ तक पहुंच गए हैं।

यानी पानी आने से पहले ही जमीन करीब 5 गुना महंगी हो गई है। यह बदलाव केन-बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई का पानी मिलने की उम्मीद में आया है। काबर हाईस्कूल के प्राचार्य रामनरेश दुबे बताते हैं कि पहले जमीन के खरीदार नहीं मिलते थे, अब किसान बेचने को तैयार नहीं हैं। सूखे-पलायन की मार झेल रहे बुंदेलखंड की इस परियोजना से मप्र के 10 और यूपी के 4 जिलों की कुल 11.50 लाख हेक्टेयर जमीन को सिंचाई का पानी मिलेगा। परियोजना को 2031 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

केन नदी पर ढोढ़न बांध बनना शुरू हो गया है। बांध के मुहाने से पहाड़ में 1.93 किमी लंबी, 6 फीट ऊंची डी आकार की सुरंग बनाई जा रही है। यही नहर पानी को बेतवा तक ले जाएगी।

ढोढ़न में नदी का पानी रोककर बांध की नींव बना रहे, यूपी काम में आगे

छतरपुर जिले के ढोढ़न में 2 किमी लंबे मुख्य बांध की नींव तैयार की जा रही है। इसके लिए अस्थायी कॉफर बांध बनाकर केन नदी का पानी रोका गया है। पास ही पहाड़ काटकर 1.93 किमी लंबी सुरंग बनाने के लिए ब्लास्टिंग चल रही है। इसी सुरंग से केन नदी का पानी लिंक नहर में पहुंचेगा और वहां से करीब 200 किमी दूर बेतवा नदी तक जाएगा। पहले चरण के निर्माण कार्यों में उत्तर प्रदेश आगे है। वहां जल संसाधन विभाग ने बरियारपुर नहर का टेंडर मंजूर कर काम शुरू कर दिया है।



14 जिलों को मिलेगा सिंचाई का पानी...

इनमें मप्र के 10 मप्र के 10 जिलेः सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, विदिशा और रायसेन। यूपीः महोबा, बांदा, झांसी, ललितपुर।

मंत्रियों को नई कार दी, दोनों डिप्टी सीएम को वित्त विभाग की ना

कहा-पुरानी की मरम्मत कराकर चलाओ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एमपी की मोहन सरकार में मंत्रियों और अफसरों को नई कारें मिल गईं, लेकिन दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल के प्रस्ताव वित्त विभाग ने लौटा दिए।

दोनों के सरकारी वाहन तय सीमा से ज्यादा चल चुके हैं, इसके बावजूद वित्त विभाग ने वित्तीय संकट का हवाला देकर नई कार खरीदने की अनुमति नहीं दी। विभाग ने मौजूदा वाहनों की मरम्मत कराकर इस्तेमाल करने को कहा है। दूसरी ओर, इसी साल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लिए एक और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और गृह सचिव कृष्णा वेणी के लिए इनोवा क्रिस्टा खरीदी गई हैं।

करीब तीन महीने पहले प्रदेश की वित्तीय स्थिति को देखते हुए सरकार ने खर्चों पर नियंत्रण के निर्देश जारी किए थे। इसमें अधिकारियों के विदेश दौरे, महंगे होटलों में बैठकें और अन्य खर्चों पर प्रतिबंध लगाए गए थे। सामान्य प्रशासन विभाग ने विभागों से यथासंभव वर्चुअल बैठकें करने और जिलों के अधिकारियों को भोपाल नहीं बुलाने के निर्देश भी दिए थे।

मंत्रियों के काफिले में वाहनों की संख्या कम करने को कहा गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या घटाकर सात रखने का निर्णय लिया था। इसके बावजूद इस साल मुख्यमंत्री, दो मंत्रियों और गृह सचिव के लिए नई कारें खरीदी गईं, जबकि दोनों डिप्टी सीएम के प्रस्ताव वित्त विभाग में अटक गए।

दोनों की कारें 1.10 लाख किमी से ज्यादा चलीं

नियमानुसार, सरकारी वाहन के 1 लाख 10 हजार किलोमीटर चलने पर उसे बदलने का प्रावधान है। दोनों डिप्टी सीएम की कारें यह सीमा पार कर चुकी हैं। इसके बाद गृह विभाग के माध्यम से नई कारों के प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजे गए थे।

पीएम कार्यालय की विशेष टीम प्रोजेक्ट की निगरानी कर रही

संत रविदास लोक 92% पूरा, फरवरी 2027 से पहले लोकार्पण संभव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर में 100 करोड़ रुपए की लागत से 11 एकड़ में बन रहा संत रविदास लोक 92% पूरा हो चुका है। मप्र पर्यटन विकास निगम की देखरेख में निर्माण अंतिम चरण में है।

संत रविदास के 650वें जयंती वर्ष में फरवरी 2027 से पहले लोकार्पण का लक्ष्य है। 12 अगस्त 2023 को भूमिपूजन करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी से ही लोकार्पण कराने की तैयारी है। पीएम कार्यालय की विशेष टीम प्रोजेक्ट की निगरानी कर रही है। परिसर घूमने के बाद युवाओं से दोहों, साखियों और पदों के अर्थ पूछे जाएंगे। सही जवाब देने वालों को पुरस्कार मिलेंगे।

4 राज्यों तक संदेशः मप्र में एससी आबादी करीब 15.6% व बुंदेलखंड में 17 से 18% है। यूपी, राजस्थान व पंजाब तक संत के विचार पहुंचाएंगे।

जीरो-वेस्ट परिसरः संत रविदास लोक को मप्र का पहला जीरो-वेस्ट धार्मिक परिसर बनाने की योजना है।

माधव टाइगर रिजवःटाइगर और हरियाली के बीच विराजी हैं मां बलारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी

माधव टाइगर रिजर्व के पूर्वी रेंज के घने जंगलों और वादियों के बीच स्थित सदियों पुराना बलारी माता मंदिर आस्था और रहस्य का अनूठा केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक हरियाली और बाघों की मौजूदगी के बीच बसीं मां बलारी के दरबार में नवरात्र में शीश नवाकर आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दराज से भक्त भारी उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। यहां लोक मान्यता है कि देवी मां का मुखमंडल 24 घंटे में तीन बार आंशिक रूप से बदलता है- सुबह बाल रूप, दोपहर में युवा और रात में वृद्ध स्वरूप में दर्शन देती हैं।

7.4 किमी जंगल का सफर...

दूरीः शिवपुरी शहर से करीब 25 किमी दूर स्थित इस मंदिर पहुंचने करीब 10 किमी का सफर कच्चे रास्ते पर तय करना पड़ता है।

सफरः 7.4 किमी का रास्ता टाइगर रिजर्व के अंदर जंगल से गुजरता है। वन विभाग ने सिर्फ नवरात्र में स्वयं के वाहनों से जाने अनुमति दी।

चेकपोस्ट... वाहनों की एंट्री चेकपोस्ट पर अनिवार्य और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। भक्तों से जंगल के रास्ते में न रुकने और समूह में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है।

राष्ट्रीय पोषण माहः मप्र तीसरे स्थान पर, बिहार पहले, महाराष्ट्र नंबर दो पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय पोषण माह-2026 में मध्यप्रदेश ने पोषण जागरूकता और जनभागीदारी के प्रयासों में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया। 12 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे तक प्रदेश में 1 करोड़ 9 लाख 66 हजार 805 गतिविधियों की प्रविष्टियां दर्ज हुईं। राज्य के सभी 55 जिलों ने हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत सहभागिता की। राष्ट्रीय स्तर पर कुल 11 करोड़ 91 लाख 64 हजार 823 प्रविष्टियां दर्ज की गईं। बिहार पहले, महाराष्ट्र दूसरे और मप्र तीसरे स्थान पर रहा। प्रदेश को विशेष पहचान मंदसौर और नीमच जिलों की उपलब्धि से मिली, जहां मंदसौर पहले और नीमच दूसरे स्थान पर रहा। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के अनुसार अभियान का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, देखभाल और प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की सेवाओं को मजबूत करना और समुदाय की जवाबदेही बढ़ाना है।

:ग्वालियर, रीवा-शहडोल में दिखेगा असर; भोपाल-इंदौर में अलर्ट नहीं

मध्यप्रदेश में 3 दिन आंधी-बारिश, 20 जिलों में असर रहेगा

उत्तरी हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) और नए चक्रवात की वजह से प्रदेश में असर देखने को मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में 15 से 17 अक्टूबर तक आंधी, बारिश और गरज-चमक वाला मौसम रहेगा। कुल 20 जिलों में असर दिखेगा। इनमें ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल, सागर और जबलपुर संभाग के जिले शामिल हैं। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में अलर्ट नहीं है।

मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, उत्तरी हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) और नए चक्रवात की वजह से प्रदेश में असर देखने को मिलेगा। 15 और 16 अक्टूबर को ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के जिलों में पानी गिरेगा, लेकिन 17 अक्टूबर को जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग भी भीगेगा।

इस दिन ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, मैहर, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में आंधी-बारिश का अनुमान है। प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ। पिछले एक सप्ताह से पूर्वी हिस्से के जिलों में आंधी-बारिश का असर देखा गया। हालांकि, रविवार, सोमवार और मंगलवार को कहीं भी आंधी-बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अक्टूबर की शुरूआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। वहीं, रात में ठंडक है। वहीं, कई जिलों में बारिश भी हो रही है। इस बार प्रदेश में 100 दिन तक दक्षिण-पश्चिम मानसून एक्टिव रहा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितंबर) के दौरान प्रदेश में कुल 908.4 मिमी यानी, 35.8 इंच (95.9 प्रतिशत) बारिश हुई। यह सामान्य बारिश 37.3 इंच (949.5 मिमी) की तुलना में 1.5 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 4 प्रतिशत कम पानी गिरा। पूर्वी हिस्से में 4% ज्यादा और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12% बारिश कम हुई है।

इन 25 जिलों में कोटा फुल

भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, मंडला, डिंडौरी, ग्वालियर, गुना, दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, आगर-मालवा, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर। बाकी 30 जिलों में कम बारिश हुई। इनमें नरसिंहपुर, दमोह, बालाघाट, अशोकनगर, मुरैना, मंदसौर, खंडवा, बड़वानी, नीमच, जबलपुर, रीवा, सागर, देवास, सिवनी, सीहोर, शिवपुरी, रायसेन, छिंदवाड़ा, विदिशा, शाजापुर, पांढुर्णा, इंदौर, उज्जैन, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रतलाम, झाबुआ, धार और आलीराजपुर शामिल हैं।

इस बार जून सूखा रहा, इस वजह से आंकड़ा कम- मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई। आखिरी सप्ताह में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया। बावजूद इसके 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जुलाई, अगस्त और सितंबर का कोटा तो फुल रहा, लेकिन जून की भरपाई नहीं हो पाई। यही वजह है कि इस साल प्रदेश में 4 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

खंडवा में बनेगा एयरपोर्ट, सीएम मोहन यादव ने की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

किशोर कुमार की जन्मनगरी खंडवा में जल्द ही एयरपोर्ट बनाया जाएगा। इससे जिले के विकास को गति मिलने के साथ ही ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही भी आसान होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को 2026 के किशोर कुमार राष्ट्रीय सम्मान अलंकरण समारोह में वर्चुअली जुड़कर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए खुद खंडवा आने की थी, लेकिन कुछ परिस्थितियों के कारण नहीं आ सका। उन्होंने किशोर कुमार के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि किशोर कुमार अपनी गायकी और अभिनय के दम पर आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। उनके गीतों में जीवन दर्शन है और उनका अंदाज हमेशा याद किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-2026 मंगलवार को एक्टर रघुवीर यादव को दिया गया। उन्हें सम्मान में 5 लाख रुपए, एक स्मृति चिन्ह और शॉल-श्रीफल प्रदान किया गया। किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर खंडवा के पुलिस ग्राउंड में सम्मान समारोह हुआ।

शूटिंग के लिए जयपुर पहुंचे ईशान खट्टर और जीनत अमान

वेब सीरीज ह्यद रॉयल्सह्ल के दूसरे सीजन की शूटिंग के लिए बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर और दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान मंगलवार को जयपुर पहुंचे। दोनों कलाकार एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई से जयपुर आए। मंगलवार से सीरीज के दूसरे शेड्यूल का फिल्मांकन शुरू हो गया है।

इस शेड्यूल में जयपुर के साथ सामोद और मंडावा की ऐतिहासिक एवं हेरिटेज लोकेशन पर शूटिंग की जाएगी। राजस्थान के महलों, हवेलियों और परंपरा को पर्दे पर दिखाने के लिहाज से ये स्थान खास माने जाते हैं। इससे पहले वेब सीरीज की शूटिंग जैसलमेर और जयपुर में भी हो चुकी है। अब दूसरे शेड्यूल में राजस्थान की अलग-अलग ऐतिहासिक लोकेशन को कहानी का हिस्सा बनाया जाएगा। ह्यद रॉयल्सह्ल की कहानी और इसके शाही परिवेश के कारण राजस्थान की लोकेशन सीरीज के लिए अहम मानी जा रही हैं। जयपुर, सामोद और मंडावा की ऐतिहासिक इमारतें कहानी के दृश्यात्मक प्रभाव को और खास बना सकती हैं। खास तौर पर मंडावा अपनी पुरानी हवेलियों और भित्तिचित्रों के लिए जाना जाता है, जबकि सामोद अपने महल और पारंपरिक राजस्थानी स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में दूसरे शेड्यूल की शूटिंग के दौरान इन स्थानों की झलक दर्शकों को देखने को मिल सकती है।

ईशान खट्टर ने फिल्मों और वेब सीरीज में बनाई पहचान

ईशान खट्टर ने कम उम्र में ही हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने वर्ष 2017 में ईरानी फिल्मकार माजिद मजीदी की फिल्म बियॉन्ड द क्लाउड्स से अभिनय की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय को सराहना मिली। इसके बाद वर्ष 2018 में शशांक खेतान के निर्देशन में बनी फिल्म ह्यधड़कह्ल से उन्होंने हिंदी सिनेमा में मुख्य अभिनेता के रूप में पहचान हासिल की। इस फिल्म में उनके साथ जाह्नवी कपूर नजर आई थीं।ईशान ने आगे चलकर खाली पीली, फोन भूत , पिप्पा और ह्यए सूटेबल बॉय जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया। फिल्म ह्यपिप्पाह्ल में उन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी में एक सैन्य अधिकारी की भूमिका निभाई। वहीं, वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय में उनके अभिनय को भी दर्शकों और समीक्षकों ने नोटिस किया। अलग-अलग तरह के किरदारों के जरिए ईशान ने अपनी अभिनय क्षमता को विस्तार देने की कोशिश की है।

तनुश्री ने नाना पाटेकर के अंतिम संस्कार पर उठाए सवाल

बोलीं- बॉलीवुड में किसी ने शव नहीं देखा, विदेश में जिंदा हो सकते हैं

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने वरिष्ठ अभिनेता नाना पाटेकर के निधन और उनके अंतिम संस्कार के समय पर सवाल खड़े किए हैं। इंस्टाग्राम लाइव के दौरान तनुश्री ने दावा किया कि बॉलीवुड या मीडिया से किसी भी व्यक्ति ने नाना पाटेकर का पार्थिव शरीर नहीं देखा।

उन्होंने देर रात 11:28 बजे अंतिम संस्कार किए जाने की जल्दबाजी पर भी आपत्ति जताई है। तनुश्री ने आरोप लगाया है कि कानूनी मामलों से बचने के लिए यह नाटक रचा गया हो सकता है। 8 अक्टूबर को 75 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से नाना पाटेकर का निधन हुआ था।

तनुश्री दत्ता ने इंस्टाग्राम लाइव में कहा कि बॉलीवुड और मीडिया के लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोई प्रार्थना सभा आयोजित नहीं की गई। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की परंपरा के अनुसार आमतौर पर सूर्यास्त के बाद अंतिम संस्कार नहीं किया जाता है, लेकिन नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार 8 अक्टूबर की रात 11:28 बजे पुणे के पास डोन्जे गांव वाले फार्महाउस पर किया गया।

तनुश्री ने सवाल उठाया कि इतनी रात के अंधेरे में अंतिम संस्कार करने की क्या जल्दी थी और क्या उनके परिवार ने भी चेहरा ठीक से देखा था। 'अस्पताल ले जाने के वीडियो और फोटो क्यों नहीं हैं'

तनुश्री ने इंस्टाग्राम लाइव में अस्पताल से जुड़ी प्रक्रियाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब उनका एक्सीडेंट हुआ था, तब भी फोटो और वीडियो सामने आए थे। हालांकि, नाना पाटेकर को अस्पताल ले जाने, वहां मृत घोषित करने और पोस्टमार्टम किए जाने का एक भी वीडियो या फोटो सामने नहीं आया। उन्होंने दावा किया कि अंतिम संस्कार के समय चेहरा ढका हुआ था, जिससे किसी को असलियत पता नहीं चली।



विदेश में जिंदा होने का दावा, डीएनए टेस्ट की मांग

तनुश्री दत्ता ने यह भी दावा किया कि जिस शरीर का अंतिम संस्कार किया गया, वह नाना पाटेकर का नहीं था। उन्होंने आशंका जताई कि कानूनी मुकदमों और पुलिस जांच से बचने के लिए फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनवाया गया हो सकता है और अभिनेता सिंगापुर या मलेशिया में मौजूद हो सकते हैं।

मीटू आंदोलन से शुरू हुआ था विवाद

तनुश्री दत्ता और नाना पाटेकर के बीच विवाद साल 2008 से चला आ रहा है। तनुश्री ने फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के एक गाने की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साल 2018 में जब भारत में मीटू आंदोलन शुरू हुआ, तब यह मामला दोबारा सुर्खियों में आया। तनुश्री के वकील नितिन सतपुते ने अक्टूबर 2018 में मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में अर्जी देकर नाना पाटेकर, कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, प्रोड्यूसर समी सिद्दीकी और डायरेक्टर राकेश सारंग का नार्को-एनालिसिस और लाई-डिटेक्टर टेस्ट कराने की मांग की थी। हालांकि, जून 2019 में पुलिस ने जांच के बाद नाना पाटेकर को क्लीन चिट दे दी थी।

नाना पाटेकर ने आरोपों पर बात की थी

साल 2024 में लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में नाना पाटेकर से पूछा गया था कि तनुश्री द्वारा उन पर गंभीर आरोप लगाए जाने पर उन्हें गुस्सा आया था। इस पर नाना ने कहा था, झूठ है, तो गुस्सा किस बात का? अब जो बातें हो गई थीं, उसके बारे में क्या बोलें। मुझे गुस्सा नहीं आया।

करण ने सलमान से पूछा- आप अभी भी वर्जिन हो?

एक्टर बोले- कंट्रोल भाई; 13 साल पहले इसी सवाल पर हुआ था विवाद



करण जौहर ने 13 साल बाद फिर सलमान खान से वर्जिनिटी पर सवाल किया है। टॉक शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' के पहले एपिसोड में सलमान पहले गेस्ट के तौर पर शामिल हुए हैं।

इसके प्रोमो वीडियो में करण जौहर ने सलमान से 13 साल पुराना वही सवाल दोहराया कि क्या आप अभी भी वर्जिन हैं? । इस पर सलमान खान ने अपने अंदाज में चुटकी लेते हुए जवाब दिया- कंट्रोल भाई, कंट्रोल।

इससे पहले करण ने यही सवाल साल 2013 में सीजन 4 के दौरान पूछा था, जिस पर सलमान के जवाब ने विवाद खड़ा कर दिया था।

13 साल बाद फिर पूछा वर्जिनिटी का सवाल

नए प्रोमो में सलमान खान और करण जौहर के बीच हल्की-फुल्की नोकझोंक देखने को मिल रही है। करण जौहर ने इंटरों में सलमान को एक समझदार इंसान के तौर पर पेश करते हुए उनके हालिया बयान 'इट्स डन ब्रो' का जिक्र किया, जो उन्होंने सोनम वांगचुक के अनशन के दौरान लिखा था।

बातचीत के दौरान करण ने पुराना सवाल दोहराते हुए पूछा कि क्या वे अब भी वर्जिन हैं? इस पर सलमान ने मजाकिया लहजे में हाथ जोड़कर कंट्रोल करने को कहा। इसके साथ ही सलमान ने तंज कसते हुए पूछा कि क्या करण 'लास्ट सीजन' बोलकर सभी स्टार्स को शो में बुला रहे हैं। जब करण ने कहा कि वे सच में वापस नहीं आएंगे, तो सलमान ने 'कुछ कुछ होता है' का डायलॉग बोलते हुए कहा- करण तुसी ना जाओ ।

1 दिसंबर 2013 को स्टार वर्ल्ड पर 'कॉफी विद करण सीजन 4' का पहला एपिसोड प्रसारित हुआ था। इस शो में पहली बार काउच पर बैठे सलमान खान से करण जौहर ने उनकी लव लाइफ, अफेयर्स और शादियों को लेकर सवाल पूछे।

तब करण जौहर के इस सवाल पर सलमान खान ने बेहद गंभीर चेहरा बनाकर कहा था, हां, मैं वर्जिन हूं और खुद को शादी के लिए बचाकर रख रहा हूं। सलमान खान का यह बयान आते ही इंटरनेट पर वायरल हो गया।

कालबेलिया डांसर्स के साथ थिरके आयुष्मान खुराना




जयपुर में बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री सारा अली खान मंगलवार को चोखी ढाणी पहुंचे। अपनी अपकमिंग फिल्म ह्यउड़ता तीरह्ल के प्रमोशन के लिए दोनों कलाकार राजस्थानी लोक संस्कृति के रंग में रंगे नजर आए। यहां कालबेलिया नृत्य की धुन पर दोनों ने डांस किया। कठपुतली नृत्य का लुत्फ उठाया और पारंपरिक खेलों में भी हिस्सा लिया।


राजस्थानी माहौल के बीच फिल्म का प्रमोशन करते हुए दोनों ने मीडिया से बातचीत की। हालांकि तेज धूप ने कलाकारों को परेशान किया। फोटो क्लिक करवाने और वीडियो शूट के दौरान दोनों बार-बार चेहरे पर टचअप करवाते नजर आए।

चोखी ढाणी में फोटोशूट और वीडियो शूट के दौरान तेज धूप के चलते कलाकारों को कई बार रुकना पड़ा। मेकअप ठीक करवाने के लिए आयुष्मान और सारा को बार-बार टचअप लेना पड़ा। इस दौरान आयुष्मान ने मजाकिया अंदाज में कहा- इस गर्मी में कहीं उड़ता तीर तो हमने नहीं ले लिया। उन्होंने मीडिया से भी पूछा कि अक्टूबर में तो मौसम ठीक हो जाता है, लेकिन इस बार गर्मी जाने का नाम ही नहीं ले रही है। उनके इस अंदाज ने कार्यक्रम के माहौल को हल्का-फुल्का बना दिया।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

माथा पच्ची

25		5		6		72	=	59
	■		■		■		■	
60		28		6		24	=	14
	■		■		■		■	
20		20		10		10	=	20
	■		■		■		■	
5		2		1		10	=	1
=	■	=	■	=	■	=	■	=
60		26		45		28	=	23 / 13

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

या	ज	गा	र	म	व	ज	क	प	ल	क
दें	वा	ज	क	या	ज	क	मौ	स	ज	इ
क	ह	या	य	में	छ	स	या	ता	व	क
क	र	ल	र	दे	वी	स	न	ल	श	क
ज	इ	ल	म	सं	व	ज	श	र	ला	ल
क	ज	दा	ई	र	व	ज	फ	लो	श	ज
क	ज	चे	दा	ई	क	स	री	ग	प	न
द	र	मी	प	व	ज	ना	र्द	न	ज	स
क	ज	ल	ज	न	व	री	ऐ	ना	प	ह
क	मी	ल	प	द	या	स	ग्र	ज	स	यो
क	ज	चे	ब्ल	ई	क	ज	री	ग	प	ज

शब्दजाल में 'ज' से शुरू होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

जवाहर, जयदेव, जनता, जय, जनार्दन, जनवरी, जनसहयोग, जमाना, जमीदार, जमीन

अष्टयोग

4	3	2			1	
5	29		37		31	3
	3		7	5		
3	27	6	41		33	2
		3			5	4
	29		27	4	30	1
7	4		2			

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

39	+	56	-	2	-	35	=	58
-	■	-	■	x	■	-	■	-
33	-	12	+	3	-	14	=	10
x	■	-	■	-	■	+	■	-
5	x	5	x	5	+	5	=	25
-	■	+	■	x	■	-	■	+
20	+	2	x	2	-	10	=	10
=	■	=	■	=	■	=	■	=
10	+	41	-	2	-	16	=	23 / 25

अष्टयोग का हल

7	5	2	3	6	4	1
6	34	7	28	1	34	6
2	4	1	5	3	6	7
1	21	5	29	4	36	2
4	1	3	6	2	7	5
3	27	6	39	5	35	4
5	1	4	6	7	2	3

शब्दजाल का हल



सूडोकु नवताल-

8	5			3		6	1	
6	7		9		4		2	
2					1			4
	3	9			7			
	6	2		8		4	7	
			6			9	3	
3			5					7
	4		1		6		8	3
	8	5		7			9	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल का हल

6	3	7	2	1	5	4	8	9
9	8	4	3	7	6	5	2	1
2	5	1	9	4	8	7	3	6
3	6	8	5	9	7	1	4	2
7	2	9	4	8	1	6	5	3
4	1	5	6	3	2	8	9	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
8	4	2	1	6	3	9	7	5
1	9	3	7	5	4	2	6	8



ट्रम्प बोले- जेलेंस्की से ज्यादा पुतिन शांति समझौता चाहते हैं

एनर्जी सीजफायर के दावे के 2 दिन बाद रूस ने 6 ऊर्जा ठिकानों पर हमला किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से ज्यादा शांति समझौता करना चाहते हैं। ट्रम्प ने 11 अक्टूबर को रूस-यूक्रेन युद्ध में ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने के लिए सीजफायर का दावा किया था। इसके दो दिन बाद यूक्रेन ने कहा कि रूस ने उसके 6 ऊर्जा ठिकानों पर हमले किए और 33 लोग घायल हुए और अलग-अलग हमलों में 8 यूक्रेनी नागरिकों की मौत हुई। यूक्रेन के कीव में रूसी ड्रोन हमले के कारण कई लोग घायल हुए। कई इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई है। तस्वीर 12 अक्टूबर 2026 की है।



ट्रम्प बोले- इस महीने युद्ध में 32 हजार लोग मारे गए

ट्रम्प ने दावा किया कि इस महीने युद्ध में 32 हजार लोग मारे गए हैं। हालांकि, इस आंकड़े की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ट्रम्प ने दावा किया कि दोनों देश एनर्जी सीजफायर के लिए तैयार हो गए हैं। सोमवार को जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि रूस और यूक्रेन ने सहमति से इनकार किया है, तो उन्होंने कहा, वे सहमत हो गए। पता है क्यों? क्योंकि मैंने कहा कि वे सहमत हैं। इसी वजह से वे सहमत हुए। इस मामले को सुलझाना ही होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि रूस ने सीजफायर तोड़ा है या नहीं।

यूक्रेन बोला- जवाबी कार्रवाई करेंगे

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस की ओर से ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। उनके मुताबिक, रूस ने सोमवार को यूक्रेन के 6 ऊर्जा ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में देशभर में 33 लोग घायल हुए। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि यूक्रेन अमेरिका के प्रस्ताव के तहत ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने के लिए तैयार है। लेकिन इसके लिए रूस को भी ऐसा करना होगा। इससे पहले उन्होंने वारसॉ सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अगर रूस ने ऊर्जा ठिकानों पर हमले नहीं रोके, तो यूक्रेन भी जवाबी कार्रवाई करेगा। यूक्रेन के मुताबिक, अमेरिकी प्रस्ताव के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद पूर्वी यूक्रेन के एक बिजलीघर पर हमला हुआ।

रूस बोला- लंबे समय की शांति चाहिए

रूस ने भी ऊर्जा सीजफायर लागू होने की पुष्टि नहीं की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कुछ समय के लिए लड़ाई रोकने के बजाय ऐसी शांति चाहता है, जो लंबे समय तक बनी रहे। पेस्कोव के मुताबिक, पुतिन यूक्रेन में चुनाव के दिन रूसी सेना को गोलीबारी रोकने का आदेश देंगे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि स्थायी शांति के लिए रूस किन शर्तों पर सहमत हो सकता है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी जेलेंस्की को अस्थायी राहत देने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की ऐसी राहत के हकदार नहीं हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को के क्रेमलिन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ यूक्रेन युद्ध खत्म करने के प्रस्तावों पर चर्चा की थी। तस्वीर 5 सितंबर 2026 की है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को के क्रेमलिन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ यूक्रेन युद्ध खत्म करने के प्रस्तावों पर चर्चा की थी। तस्वीर 5 सितंबर 2026 की है।

रूस ने यूक्रेन में अलग अलग जगह हमले किए

रूस ने सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव के एक रिहायशी इलाके में 25 मंजिला इमारत पर हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक, हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल हुए।

पूर्व बांग्लादेशी एडवाइजर यूनुस को लोगों ने आतंकवादी कहा:

न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर घेरा; सरकार बोली- विरोध करने वालों पर कार्रवाई करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

बांग्लादेश के पूर्व चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस को अमेरिका के न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर विरोध का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट पर मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और आतंकवादी कहा। लोगों ने उन पर बांग्लादेश में हत्याएं कराने और लोकतंत्र को बर्बाद करने के आरोप लगाए। उन्होंने यूनुस से कहा कि तुम यहां क्यों आए हो, वापस जाओ। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग यूनुस के खिलाफ नारे लगाते और उन पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। हालात को देखते हुए यूनुस और उनकी सहयोगी लामिया मोर्शेद को एयरपोर्ट के अंदर वापस ले जाया गया।



बांग्लादेश के तत्कालीन राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन 8 अगस्त 2024 को मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर सलाहकार पद की शपथ दिलाते हुए।

प्रदर्शनकारियों ने हजारों लोगों की मौत का आरोप लगाया

प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर हजारों पुलिसकर्मियों की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह दावा भी किया कि बांग्लादेश में करीब 2 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विरोध करने वालों की पहचान नहीं हुई है। बांग्लादेश के एक मीडिया संस्थान ने उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का समर्थक बताया है।

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार जाहेद उर रहमान ने मंगलवार को कहा कि न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर मोहम्मद यूनुस को घेरने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस घटना को अवामी लीग का आतंक बताया। जाहेद ने विदेशों में रहने वाले अवामी लीग के सदस्यों को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने ऐसी हरकत की, तो उन्हें भी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यूनुस का विरोध करने वालों पर किस कानून के तहत कार्रवाई होगी। शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद 8 अगस्त 2024 को मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की कमान संभाली थी।

उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में हिंसा नहीं रुकी। हिंदुओं और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले हुए, लोगों को गिरफ्तार किया गया और हिरासत में मौतों के मामले सामने आए। अवामी लीग ने आरोप लगाया कि यूनुस सरकार ने उसके नेताओं और समर्थकों को निशाना बनाया।

मानवाधिकार संगठनों ने भी हिंसा और हिरासत में कथित दुर्व्यवहार के मामलों में जवाबदेही तय करने की मांग की थी। अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद यूनुस ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व किया। उनकी सरकार करीब डेढ़ साल तक सत्ता में रही। 2025 में बांग्लादेश के एक विशेष ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना की गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया और उन्हें मौत की सजा सुनाई। यूनुस की सरकार ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाया और भारत से हसीना को बांग्लादेश भेजने की मांग की।

बंगाल में हिंदू दुकानों से बिरयानी लें पोस्टर्स पर विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

दुर्गा पूजा से पहले ही पश्चिम बंगाल में पोस्टर्स विवाद छिड़ गया है। सिलीगुड़ी में कई जगह ऐसे पोस्टर्स चिपकाए गए हैं, जिनमें हिंदू दुकानों से ही मांस और बिरयानी खरीदने की अपील की गई है। ये पोस्टर्स हिंदू जागरण मंच की ओर से लगाए गए हैं। संगठन के प्रतिनिधि अभिषेक दास ने कहा है कि उन्होंने खुद ये पोस्टर्स लगाए हैं। उन्होंने कहा- इन पोस्टर्स के जरिए हम हिंदू जागरण मंच की ओर से हिंदू एकता का संदेश देना चाहते थे। ये पोस्टर किसी आदेश के बजाय एक अपील है। पोस्टर्स वायरल होने के बाद तृणमूल के प्रवक्ता और बेलेघाटा के विधायक कुणाल घोष ने इसे लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है। सिलीगुड़ी के भारत नगर में तरुण तीर्थ क्लब द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा मैदान के ठीक सामने और मंत्री शंकर घोष के घर के पास भी कई पोस्टर लगाए गए हैं।

चीन ने लद्दाख की 28 जगहों को अपना बताया

भारत ने नाम बदले थे; इनमें गोगरा-हॉट स्प्रिंग, 2020 में दोनों देशों की सेनाएं टकराईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग/नई दिल्ली

चीन ने लद्दाख की 28 जगहों पर अपना बताया है। चीन ने मंगलवार को इन जगहों के नाम तय करने के भारत के फैसले पर आपत्ति भी जताई। चीन ने कहा- ये इलाके हमारे हैं और भारत के नाम बदलने या नया नाम रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदलेगा।

भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे इलाके भी शामिल हैं, जहां 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव हुआ था।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को कहा कि चीन



लद्दाख को भारत की ओर से बनाया गया केंद्र शासित प्रदेश नहीं मानता। चीन ने भारत के इस कदम को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि सीमा के पश्चिमी हिस्से के ये इलाके उसके हैं। माओ के मुताबिक, भारत के इस फैसले से सीमा के पश्चिमी हिस्से में उन इलाकों पर चीन का दावा नहीं बदल सकता, जिन्हें वह अपना क्षेत्र मानता है।

भारत बोला- लद्दाख हमारा हिस्सा, इनकार करने से हकीकत नहीं बदलेगी

चीन की आपत्ति पर भारत ने भी जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि लद्दाख भारत का हिस्सा है। चीन के इनकार करने से यह हकीकत नहीं बदलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन जगहों के नाम सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शे में दर्ज किए गए हैं। यह काम लद्दाख प्रशासन और स्थानीय लोगों से सलाह लेकर किया गया है। जायसवाल ने कहा कि इन जगहों के नाम नक्शे में दर्ज करने का मकसद उनकी सही पहचान करना और लोगों को उनके बारे में जानकारी देना है।

28 जगहों में कौन-कौन से नाम शामिल हैं?

भारत की ओर से तय किए गए 28 नामों में पहाड़, दर्रे, ग्लेशियर, जमीन के हिस्से, घाटियां और जल स्रोत शामिल हैं।

पहाड़-चोटियां: अतीशा गिरि, कनीष्क पीक, करुण पीर पर्वत, मार्तंड गिरि, द्रक कार्पो, जोलमोरी, रिनचेन जांगपो, साक्यश्री गिरि, मारपा लोत्सावारी, मिलारेपा कांगरी, शिवरी, जोरावर पीक और महेश्वररी।

दर्रे-ग्लेशियर: चापचिंगल दर्रा, शाचमिरिक दर्रा, पारपिक ग्लेशियर और स्कामरी ग्लेशियर।


जमीन के इलाके: ब्रांगसा, कुकसेल, देहरा कम्पास, गोगरा, कुमारायण पॉइंट, पंगलुंग और शमाल लुंगपा।

घाटी-जल स्रोत: श्कोर्गा घाटी, गुरु रिनपोछे झील, यांगपा नदी और हॉट स्प्रिंग।

इन जगहों के नाम तय करके सरकारी नक्शे में शामिल करने का मकसद उनकी सही पहचान बताना है।

गोगरा और हॉट स्प्रिंग पूर्वी लद्दाख के संवेदनशील इलाके

भारत ने जिन जगहों के नाम तय किए, इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग भी शामिल हैं। ये पूर्वी लद्दाख के संवेदनशील इलाके हैं, जहां भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीमा पर तनाव रहा है। इन जगहों पर भारतीय सैनिक गश्त भी करते हैं। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद बढ़ गया था। 5 मई को पैंगोंग झील के पास दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। 2020 के जून में गलवान घाटी में भी दोनों सेनाओं के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। इसके बाद दोनों देशों ने सीमा पर तनाव कम करने और सैनिकों को पीछे हटाने के लिए बातचीत शुरू की। सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया 2022 में शुरू हुई। लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर पैंगोंग झील के इलाके में दोनों देशों के सैन्य अधिकारी मिले थे।



कराची से पेशावर जा रही थी; 5 साल में 500 से ज्यादा रेल हादसे

पाकिस्तान में ट्रेन पटरी से उतरी, 6 की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मंगलवार सुबह कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। ट्रेन सुबह करीब 5:15 बजे शेर शाह इलाके में पटरी से उतरी। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, 13 डिब्बों को हादसे वाली जगह से हटा दिया गया है। पाकिस्तान में रेल हादसों का सिलसिला पुराना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 5 साल में देश में 500 से ज्यादा रेल हादसे दर्ज किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे में घायल यात्रियों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों से घायलों को बिना देरी के बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने को भी कहा। ट्रेन के पटरी से उतरने की वजह अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। रेस्क्यू ऑपरेशन आगे बढ़ने के साथ पाकिस्तान रेलवे और संबंधित अधिकारी ज्यादा जानकारी दे सकते हैं।

पाकिस्तान में पहले भी हुए कई बड़े रेल हादसे

रेलवे की खराब हालत, पुराने ट्रैक और सिग्नल सिस्टम की समस्याओं के बीच कई बड़े रेल हादसे हो चुके हैं। कुछ हादसों में दर्जनों, तो कुछ में 100 से ज्यादा लोगों की जान गई।

13 जुलाई 2005: तीन यात्री ट्रेनें आपस में टकरा गई थीं। हादसे में कम से कम 130 लोगों की मौत हुई और करीब 170 लोग घायल हुए।

19 दिसंबर 2007: कराची एक्सप्रेस के 16 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसे में 50 लोगों की मौत हुई और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए।

11 जुलाई 2019: क्वेटा जा रही अकबर एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकरा गई थी। हादसे में कम से कम 21 लोगों की मौत हुई और 85 लोग घायल हुए। शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेन का ट्रैक बदलने में देरी हादसे की वजह बनी थी।

फ्रांस के सुपरमार्केट्स पर साइबर अटैक, 480 से ज्यादा दुकानों के फ्रिज 50° तक गर्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फ्रांस

फ्रांस में सैकड़ों सुपरमार्केट्स के रेफ्रिजरेशन सिस्टम पर सोमवार को बड़ा साइबरअटैक हुआ। इससे 480 से ज्यादा दुकानों के फ्रिज और फ्रीजर का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हैकरों ने कई स्टोर्स के रेफ्रिजरेशन सिस्टम को डीफ्रॉस्टिंग मोड में डाल दिया। इससे ताजा और फ्रोजन खाना खराब हो गया। कई स्टोर्स में आग भी लग गई। फ्रांस की बड़ी रिटेल कंपनियों ने इसे अब तक का ऐसा पहला और बेहद गंभीर हमला बताया। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू ने नेशनल साइबरसिक्योरिटी एजेंसी अठररकको जांच के आदेश दिए हैं। फ्रांस दूसरे यूरोपीय देशों के साथ मिलकर यह भी जांच कर रहा है कि वहां और कंपनियां प्रभावित हुई हैं या नहीं। पेरिस प्रॉसिक्यूटर ऑफिस ने इसे बड़े स्तर का हमला बताया। ऑफिस के मुताबिक, पूरे फ्रांस में कई बड़े फूड रिटेलर्स के इंटरनेट से जुड़े फ्रिजों को निशाना बनाया गया।

इंडोनेशियाई पायलट के कारण विमान लौटाया; फ्लाईदुबई हादसे के बाद 11 देशों के पायलटों पर रोक

इजराइल पहुंची अमेरिकी फ्लाइट को बम की धमकी, विमान लौटाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका के न्यूयॉर्क से तेल अवीव पहुंची डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट को मंगलवार को बम की धमकी मिली। विमान खाली कराकर तलाशी ली गई, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला। इससे एक दिन पहले इंडोनेशियाई पायलट के कारण इजराइल ने इथियोपियन एयरलाइंस के कार्गो विमान को उतरने की मंजूरी नहीं दी थी। पायलट बदलने के बाद विमान को अनुमति मिली। सितंबर में फ्लाईदुबई की फ्लाइट में हुए हादसे के बाद इजराइल ने सुरक्षा नियम सख्त कर 11 देशों के पायलटों और क्रू पर रोक लगा दी।

इनमें अफगानिस्तान, अल्जीरिया, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, कुवैत, नाइजर, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया और वेनेजुएला शामिल हैं। इन देशों के इजराइल से राजनयिक संबंध नहीं हैं।

इथियोपियन एयरलाइंस की फ्लाइट में सवार क्रू मेंबर्स की लिस्ट विमान के अदीस



अबाबा से उड़ान भरने के बाद इजराइल को भेजी गई थी। यानी विमान के रवाना होने से पहले इजराइल को उसके क्रू की पूरी जानकारी नहीं मिली थी। विमान में उड़ान भरते समय काफी ईंधन था। पायलट को वापस अदीस अबाबा लौटना था, इसलिए विमान का वजन कम करने के लिए समुद्र के ऊपर ईंधन गिराया गया। इसके बाद पायलट को बदल दिया गया। नए पायलट को इजराइल में उतरने की मंजूरी मिलने के बाद विमान के दोबारा वहां जाने का रास्ता साफ हुआ। 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में ओमान के पायलट ने दूसरे पायलट पर चाकू से हमला कर दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर विमान को इजराइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर गिराने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, कई यात्रियों ने बीच में आकर उसे रोक दिया और विमान की सऊदी अरब के ताबुक एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइदुबई की फ्लाइट का रूट देखें

ईरान-पाकिस्तान के नागरिक भी आसानी से इजराइल आ रहे थे

फ्लाईदुबई की घटना के बाद जांच में पता चला था कि दुश्मन देशों के सैकड़ों क्रू मेंबर पहले भी इजराइल आ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इसे देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना था।

इजराइल के परिवहन मंत्रालय ने विदेशी एयरलाइंस के लिए नियम सख्त कर दिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान, इराक, लेबनान और पाकिस्तान जैसे देशों की नागरिकता रखने वाले पायलट और दूसरे विमान कर्मचारी पिछले कुछ सालों में आसानी से इजराइल आ रहे थे। इजराइली मीडिया के मुताबिक, देश की सुरक्षा एजेंसियां कई सालों से विदेशी एयरलाइंस के कर्मचारियों की जांच में कमियों को लेकर चेतावनी दे रही थीं। उनका कहना था कि परिवहन मंत्रालय इजराइल आने वाली विदेशी एयरलाइंस और उनके क्रू मेंबर्स की पर्याप्त सुरक्षा जांच नहीं कर रहा था। इसके अलावा, विदेशी एयरलाइंस की ओर से संचालित इजराइली उड़ानों की जांच में भी कमियां थीं। इस पर परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि उसके पास खुफिया जानकारी जुटाने के लिए जरूरी तंत्र नहीं है। इजराइली न्यूज चैनल 12 के मुताबिक, फ्लाईदुबई हमले के अगले दिन इजराइल के परिवहन मंत्रालय ने एयरलाइंस को एक पत्र भेजा था। इसमें कहा गया था कि विमान संचालक दुश्मन देशों के नागरिकों को इजराइल जाने वाली उड़ानों में पायलट, क्रू मेंबर या यात्री के तौर पर सफर करने की अनुमति न दें।

■ वर्ष-12 अंक-341 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थी नोपलभ्यते।।

भावार्थ : केवल गुरु की सेवा करके, बहुत सारा पैसा देकर, या सीखने के बदले में, यह ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है; ज्ञान प्राप्त करने का कोई चौथा तरीका नहीं है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 14 अक्टूबर, 2026

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
तथा वेदं विना विप्रः त्रयस्ते नामधारकाः।।

भावार्थ : लकड़ी के हाथी की तरह, और चमड़े से ढके हिरण की तरह, ब्राह्मण जिसने वेदों का अध्ययन नहीं किया है, वह भी केवल एक नामहीन व्यक्ति है।

सम्पादकीयम्

भारतस्य विदेशनीतिः

भारतस्य विदेशनीतिः सम्प्रति रूसी-चीन-मोचेर्षु सक्रियः अस्ति। विदेशमन्त्री एस.जयशंकरः रूसदेशे व्यापारस्य, ऊजार्यायाः, वैश्विकविषयेषु च चर्चां कुर्वन् अस्ति, यदा तु राष्ट्रियसुरक्षासल्लाहकारः अजीत डोवालः चीनदेशे सीमाविवादस्य विषये वार्ताम् कर्तुं निश्चितः अस्ति। ब्रिक्स-शिखर-सम्मेलनस्य, अमेरिका-देशस्य दबावस्य च मध्ये भारतं स्वस्य सामरिक-हितं प्रवर्तयन् स्वसम्बन्धानां सन्तुलनं कर्तुं प्रयतते भारतस्य द्वौ महत्त्वपूर्णौ कूटनीतिकभ्रमणौ युगपत् भवति। विदेशमन्त्री एस जयशंकरः रूसदेशे अस्ति, एनएसए अजीत डोवालः चीनदेशे अस्ति। एतानि भ्रमणं चीनदेशेन सह तनावानां निवारणं, परिवर्तनशीलवैश्विकपरिस्थितेः सन्दर्भे रूसदेशेन सह दीर्घकालीनसम्बन्धं सुदृढं कर्तुं च उद्दिश्य भारतस्य विदेशनीतेः भागः अस्ति। सीमावार्ताः अजीत डोवाल सीमाविवादविषये चचार्सु भागं गृह्णीयात्। एतेषु वार्तासु द्विपक्षीयसम्बन्धसम्बद्धाः अनेकाः प्रमुखाः विषयाः सम्बोधिताः भविष्यन्ति। २०२४ तमस्य वर्षस्य अक्टोर्ब-मासे रूसदेशस्य कजान्-नगरे ब्रिक्स-शिखरसम्मेलनस्य समये पीएम-नरेन्द्रमोदी-चीन-राष्ट्रपति-शी-जिनपिङ्ग-योः मध्ये कृतायां मिलित्वा द्विपक्षीय-तनावानां पिघलनस्य आरम्भः अभवत् ततः परं द्वयोः राष्ट्रयोः संवादः वर्धितः अस्ति। परन्तु सुधारस्य लक्षणानाम् अभावेऽपि विश्वासः पूर्णतया पुनः स्थापितः इति वक्तुं न शक्यते; अरुणाचलप्रदेशे बीजिंगस्य वृत्तिः अस्य प्रमाणरूपेण कार्यं करोति। ब्रिक्सस्य आतिथ्यं : सीमायां शान्तिं स्थिरतां च निर्वाहयितुम् उभयोः राष्ट्रयोः रुचिः अस्ति।

सेवानिवृत्ताः पुलिसकर्मचारिणः सम्झौतेः

अपि न प्लाटं प्राप्य न च 5 लक्षं पुनः प्राप्त्वा सहायतां याचन्ते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



एकेन पुरुषेण तस्य सहकारिद्वयेन सह भूखण्डस्य विक्रयणस्य बहाने सेवानिवृत्तपुलिसकर्मचारिणः 5 लक्षरूप्यकाणां धोखाधड़ी कृता इति आरोपः अस्ति। पीडितायाः आरोपः अस्ति यत् कथोण्डा-मार्गे १,००० वर्गफुटपरिमितस्य भूखण्डस्य कृते २० लक्षरूप्यकाणां कृते सौदाः कृतः। व्यवहारे सः ५ लक्षं अग्रिमरूपेण दत्तवान्, तदनन्तरं भूखण्डस्य सम्झौता निष्पादितः। आरोपः अस्ति यत् धनं स्वीकृत्य तत्र संलग्नाः व्यक्तिः न भूखण्डं समर्पितवन्तः, न च 5 लक्षं प्रत्यागतवन्तः।

मंगलवासरे पीडिता जनशिकायतसुनवाये पुलिस अधीक्षकस्य कार्यालयं गत्वा शिकायतां दातुं कार्यवाही माङ्गं च कृतवती। अस्य विषये अन्वेषणस्य अनन्तरं सपा समुचितकायार्णां आश्वासनं दत्तवती अस्ति।

भूव्यापारेषु धोखाधड़ीयाः आरोपाः अम्बेडकर कालोनीनगरस्य निवासी मधुसूदनपाण्डेयः स्वस्य हस्ताक्षरितशिकायतया उक्तवान् यत् सः भूमिसम्बद्धेषु विषयेषु अनेकजनानाम् धोखाधड़ीं कृत्वा प्रसिद्धस्य व्यक्तिस्य सम्पर्कं प्राप्तवान्। अस्य परिचयस्य माध्यमेन तस्मै कथोण्डा-मार्गे १,००० वर्गफुटपरिमितं भूखण्डं दर्शितम्, ततः २० लक्षरूप्यकाणां सौदाः अन्तिमरूपेण निर्धारितः। पीडितायाः मते सौदानां सहमतिः जातः ततः परं सः ५ लक्षं अग्रिमरूपेण दत्तवान्। कथानकस्य सम्झौता अपि निष्पादिता। सः अपेक्षितवान् यत् आवश्यकाः औपचारिकताः समाप्ताः जातः चेत् कथानकं तस्य नाम्नि स्थानान्तरिता भविष्यति इति।

भुक्तिं कृत्वा अपि भूखण्डः न समर्पितः शिकायतया अनुसारं अग्रिमदेयता स्वीकृत्य प्रश्ने व्यक्तिः तस्य सहकारिणः च भूखण्डं समर्पयितुं स्थगितुं आरब्धवन्तः। शिकायतकर्ता आरोपयति यत् प्रश्ने व्यक्तिः स्वपत्न्या सह श्वशुरेण सह न भूखण्डं प्रदत्तवान्, न च अग्रिमरूपेण दत्तं पञ्चलक्षरूप्यकाणि प्रत्यागच्छत्। दीर्घकालं यावत् पुनः पुनः प्रयासं कृत्वा अपि धनस्य, साजिशस्य च विषयस्य समाधानं न कृत्वा मधुसूदनपाण्डेयः पुलिसजनसुनवाये शिकायतां कृतवान्। सः पुलिस-अधिकारिभ्यः आग्रहं कृतवान् यत् ते अस्य विषयस्य अन्वेषणं कुर्वन्तु, अभियुक्तानां विरुद्धं कार्यवाही कुर्वन्तु, स्वस्य धनस्य पुनर्प्राप्तिः सुनिश्चितं कुर्वन्तु।

एफआईआर-अनन्तरं उत्पीडनस्य धमकीनां च आरोपाःजनसुनवाये अनन्य शिकायतया यादव कालोनी संजयनगर निवासी कमलेश साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। सः किराणां दुकानं चालयति इति उक्तवान्, पूर्वं च लॉर्डगञ्जपुलिसस्थाने कतिपयेषां व्यक्तिनां विरुद्धं प्राथमिकीम् अङ्गीकृतवान्।

कमलेशस्य आरोपः अस्ति यत् यदा प्राथमिकी दाखिला अभवत् तदा आरभ्य तत्र संलग्नाः व्यक्तिः तं निरन्तरं उत्पीडयन्ति, धमकी च ददति। एतेषां धमकीनां कारणात् सः स्वस्य किराणां दुकानं उद्घाटयितुं असमर्थः अस्ति। सः पुलिस अधीक्षकस्य कार्यालये शिकायतां प्रस्तौति, यत्र पुलिससंरक्षणं, अभियुक्तानां विरुद्धं कार्यवाही च याचते। अनुसन्धानानन्तरं कार्यवाही आश्वासन उभौ शिकायतया पुलिसाधिकारिभ्यः समुचितकार्याणि याचितवन्तौ।

निजीचिकित्सालयेषु

मान्यतां दातुं मानदण्डानां उल्लङ्घनम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एमपी-नगरस्य निजी-अस्पतालानां कृते आवश्यकानि अग्नि-सुरक्षा-निकासीं, नगर-निगमस्य अनुमोदनं च विना पञ्जीकरणं प्रदत्तम् इति आरोपानाम् विषये मध्यप्रदेश-उच्चन्यायालये पञ्च जनहित-मुकदमाः दाखिलाः सन्ति।

मुख्यन्यायाधीशः अल्पेश वाई कोग्जे, न्यायाधीशः विवेकजैनः च समाविष्टाः संभागपीठः अस्य विषयस्य श्रवणं कृत्वा राज्यसर्वकारात् अद्यतनं स्थितिप्रतिवेदनं याचितवान्। सर्वकारेण प्रतिवेदनं दातुं चतुर्दिनानि अनुरोधः कृतः, न्यायालयेन एतत् अनुरोधं स्वीकृतम्। अस्मिन् प्रकरणे अग्रिमः सुनवायी अक्टोब ́१२ दिनाङ्के भविष्यति। सञ्चालनशीलानाम् १६० निजीचिकित्सालयानां नर्सिंगहोमानां च दावाः– विधिछात्रसङ्घः इत्यादिभिः दाखिलाः पीआईएल-पत्राणि निजीचिकित्सालयानां नर्सिंगहोमानां च पञ्जीकरणप्रक्रियायाः विषये प्रश्नं कुर्वन्ति। आरटीआई मार्गेण प्राप्तसूचनाः उद्धृत्य याचिकासु उक्तं यत् जबलपुरनगरे प्रायः १६० निजीचिकित्सालयाः नर्सिंगहोम च कार्यं कुर्वन्ति। तेषु २०१९ तः २०२१ पर्यन्तं ६३ पञ्जीकृताः। भौतिकसत्यापनं विना पञ्जीकरणस्य आरोपः।

घटनायाः पृष्ठतः सत्यं प्रकाशयितुं सीसीटीवी-दृश्यानि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नोएडा

अनन्तरं समाजे उपस्थितानां जनानां समूहः घटनास्थले समागतः। अन्वेषणं प्रचलति स्म पुलिसैः स्थलस्य परितः स्थितिः प्रबन्धिता। सम्प्रति मृतानां पहिचानाय पुलिस सूचनासङ्कलनं कुर्वती अस्ति। अन्वेषणस्य एकः निर्णायकः भागः अस्ति यत् एषः युवकः समाजस्य निवासी आसीत् वा अन्यकारणात् परिसरे प्रविष्टः आसीत् वा इति। समाजे स्थापितानां सीसीटीवी-कैमराणां रिकार्डिङ्ग-परीक्षणं पुलिसैः आरब्धम् अस्ति। दृश्यानां माध्यमेन ते युवकः कथं गोपुरं प्राप्तवान् इति विषये सूचनां संग्रहयन्ति, घटनायाः पूर्वं तस्य क्रियाकलापाः च।

राशिफल

मेष : आज एक शानदार दिन के लिए तैयार हो जाएं। हाल ही में हुई किसी डील से भारी मात्रा में धन का आगमन हो सकता है।

वृषभ : आज के दिन प्रेम जीवन में चल रही दिक्कतें सॉल्व हो सकती हैं। फिट रहने पर फोकस रखें।

मिथुन : आज आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए। किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से मनचाहा रिटर्न नहीं मिलेगा।

कर्क : आज करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। दिन रोमांटिक रहेगा।

सिंह : आज काम को समय पर पूरा करने पर फोकस रखें। पॉजिटिव सोच बनाकर रखें। अपने काम पर फोकस करें।

कन्या : बिजनेस, सेहत, पैसों का मामला या हो लव लाइफ बड़े चेंज के लिए तैयार हो जाएं। नई शुरूआत को खुली बांहों से अपनाएं।

तुला : आज का दिन आलस भरा साबित हो सकता है। आपका दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है।

वृश्चिक : आज इन्वेस्टमेंट को लेकर स्ट्रेटजी बनाने पर ध्यान दें। आज का दिन थोड़ा सा स्ट्रेस भरा साबित हो सकता है।

धनु : आज सेहत के मामले में भाग्य साथ देगा। वर्क लाइफ बैलेंस मेंटेन करके आगे बढ़ें। समय-समय पर ब्रेक जरूर लेते रहें।

मकर : आज के दिन अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट प्लान करें। आज का आपका दिन काफी बेहतरीन साबित हो सकता है।

कुंभ : आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। धन का आगमन होगा। बाहर के खाने से परहेज करें।

मीन : आज लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वालों को प्रेम जीवन में आ रही दिक्कतों पर फोकस करना चाहिए। खर्च बढ़ने की संभावना भी है।

दीप्ति गेंदबाजी और ऑलराउंडर के टॉप-10 में एकमात्र भारतीय; ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी दसवें स्थान पर पहुंचीं

स्मृति मंधाना बैटिंग रैंकिंग में नंबर-1 पर बरकरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना क्लउ की विमेंस वनडे रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। वहीं भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजी और ऑलराउंडर की रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।

ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज एलिस पेरी को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने वनडे बल्लेबाजों की टॉप-10 लिस्ट में वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला। ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज के शुरूआती दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त बना रखी है।

एलिस पेरी और जॉर्जिया वॉल को फायदा- एलिस पेरी के अलावा उनकी साथी खिलाड़ी भी टॉप-30 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहुंच गई हैं। जॉर्जिया वॉल 8 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर आ गई हैं। एनाबेल सदरलैंड को बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 3 स्थान ऊपर चढ़कर 17वें और गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं।

मेगन शट गेंदबाजों में 5वें नंबर पर- ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 5वें नंबर पर पहुंच गई हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में 4 विकेट लिए थे। सदरलैंड ने पहले मैच में 4 विकेट लेने के साथ नाबाद 25 रन बनाए थे।

बांग्लादेश की खिलाड़ियों को भी फायदा- बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 24वें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, सोभना मोस्तरी 11 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 35वें नंबर पर आ गई हैं।

स्टेफनी टेलर को टी-20 रैंकिंग में फायदा- वेस्टइंडीज की अनुभवी ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर को जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज में प्रदर्शन का फायदा मिला। उन्होंने सीरीज के आखिरी मैच में 39 गेंदों पर 64 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। टेलर टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 7 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 40वें नंबर पर पहुंच गईं। वहीं, ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 29 स्थान की छलांग लगाकर 39वें नंबर पर आ गईं। जिम्बाब्वे की केलीस नधलोवु बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान ऊपर चढ़कर 67वें और बेलव्ड बीजा ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 10 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 45वें नंबर पर पहुंच गईं।

एशियन गेम्स डबल गोल्ड मेडलिस्ट नीरू ढांडा आज गांव लौटेंगी

जींद। एशियन गेम्स में 2 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर जीतने वाले जींद की नीरू ढांडा आज अपने पैतृक गांव संगतपुरा लौटेंगी। नीरू के स्वागत के लिए पूरा गांव जुटा है। गांव के स्टेडियम में समारोह होगा, जहां 10 हजार से अधिक लोगों के खाने की व्यवस्था की जा रही है। मेन्यू में देशी घी का हलवा होगा। ढांडा खाप के हर घर को न्योता दिया गया है। मां सुदेश ने बताया कि बेटी के लिए घर पर शक्कर का चूरमा बनाएंगी। इससे पहले वे नीरू को रिसीव करने मंगलवार को खुद दिल्ली पहुंची। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पांच रोटियों का चूरमा बनाया है। इसे उनके पास भेजेगी। बता दें, नीरू की मां को बेटी के मेडल जीतने का पता एक फोन कॉल से लगा था। उनके घर में टीवी तक नहीं है। उस समय सुदेश गांव में ही राशन लेने गई थी। उनके पास (बिलो पॉवर्टी लाइन) इढछ कार्ड है। नीरू ढांडा के स्वागत के लिए गांव के स्टेडियम में मंच तैयार किया गया है। दिल्ली से जींद पहुंचने के बाद उन्हें रोड शो करते हुए गांव ले जाया जाएगा।

हैदराबाद में एक भी टी-20 नहीं हारा भारत

आज यहीं वेस्टइंडीज से चौथा मुकाबला, इंडिया ने 2024 में इसी मैदान पर 297 रन बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद



भारत और वेस्टइंडीज के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला आज हैदराबाद में खेला जाएगा। मैच राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे है। टीम इंडिया ने हैदराबाद में खेले अब तक तीनों टी-20 मुकाबले जीते हैं। टीम ने इसी मैदान पर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ 297 रन बनाए थे। यह टी-20 इंटरनेशनल में भारत का सबसे बड़ा स्कोर है।

दौरे पर 6 मैचों में सिर्फ एक बार टारगेट डिफेंड हुआ- दोनों टीमों ने इस दौरे पर अब तक 6 मैच खेले गए हैं। इनमें 3 वनडे और तीन टी-20 मैच खेले गए। इनमें सिर्फ एक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम टारगेट डिफेंड कर सकी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 34 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें भारत ने 22 और वेस्टइंडीज ने 11 मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मैच का नतीजा नहीं निकला।

श्रेयस और नमन सीरीज में भारत के टॉप परफॉर्मर- श्रेयस अय्यर ने सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 3 मैचों में 226.98 की स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 102 रन रहा। गेंदबाजी में नमन धीर ने 3 मैचों में 5 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 31 रन देकर 3 विकेट रहा। नमन ने अपने सभी विकेट छक्का लगने के बाद अगली गेंद पर लिए।

शेरफेन रदरफोर्ड ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए

- वेस्टइंडीज की ओर से शेरफेन रदरफोर्ड ने 3 मैचों में 189.01 की स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। वे सीरीज के टॉप रन स्कोरर हैं। उनका पारी में बेस्ट स्कोर 84 रन रहा। गेंदबाजी में रोस्टन चेज ने 3 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। वे भी सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं।
- हैदराबाद की पिच हाल ही में दोबारा तैयार की गई है। हालांकि फिर भी यहां बड़े स्कोर बनने की उम्मीद है। पिछले दो साल में इस मैदान पर 310, 297, 286 और 277 रन के स्कोर बने हैं। भारत में टी-20 क्रिकेट के टॉप-8 स्कोर में से 4 इसी मैदान पर आए हैं। ओस पड़ने पर बल्लेबाजों को और मदद मिल सकती है। मैच के दौरान बारिश की संभावना नहीं है।

दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट और बैटिंग कोच बने युवराज सिंह


ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू चंडीगढ़

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट और बैटिंग कोच बन गए हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसका ऐलान पर किया। युवराज पहली बार किसी टीम की कोचिंग करेंगे। टीम के हेड कोच सौरव गांगुली हैं। युवराज 2015 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेले थे। उस समय फ्रेंचाइजी ने उन्हें 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। यह उस समय आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी खिलाड़ी बोली थी। नई जिम्मेदारी मिलने पर युवराज ने कहा कि दिल्ली के साथ उनका पुराना जुड़ाव है। उन्होंने सौरव गांगुली के साथ काम करने को खास मौका बताया। युवराज ने बताया कि कोचिंग ऐसा काम है, जिसे लेकर वे वास्तव में जुनूनी हैं। युवराज ने 2008 से 2019 तक आईपीएल में हिस्सा लिया। अपने 12 साल के आईपीएल करियर में वे छह फ्रेंचाइजी से खेले।

ज्योतिष/वास्तु

गुरु कर्क गोचर : हर सपना होगा पूरा

31 अक्टूबर तक इन 3 राशि वालों पर मेहरबान रहेगी किस्मत



31 अक्टूबर को गुरु सिंह राशि में गोचर करेंगे। हालांकि, उससे पहले का समय भी कुछ राशि वालों के लिए लाभकारी हो सकता है। जातकों को व्यापार में सफलता और रिश्तों में अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

देवगुरु बृहस्पति अभी अपनी उच्च राशि कर्क में विराजमान हैं। 31 अक्तूबर 2026 को वह कर्क राशि से अपनी यात्रा समाप्त कर सूर्य की राशि सिंह में प्रवेश करेंगे। हालांकि, गुरु अभी अपनी उच्च राशि में स्थित हैं, इसलिए उनके अगले गोचर तक का समय कुछ राशि वालों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान जातकों को सफलता, ज्ञान, मान-सम्मान और अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। साथ ही, जीवन में आगे बढ़ने के नए अवसर और संतान से जुड़ी अच्छी खबर भी मिल सकती हैं। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए यह समय खास रहने वाला है, क्योंकि देवगुरु बृहस्पति आपकी ही राशि में विराजमान हैं। इस दौरान आपके अटके हुए काम पूरे हो सकते हैं और मेहनत का मनचाहा फल मिलने की संभावना है। लेने-देने में आपको कुछ अच्छे संपर्कों का लाभ मिलेगा। अचानक से आय में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों को पहचान मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों को इस दौरान नौकरी और करियर में मनचाही सफलता मिल सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को अच्छे अवसर मिलने की संभावना है। संतान की तरफ से आपको अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए भी समय अनुकूल रह सकता है। आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं और नए अवसरों से लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। जो लोग जमीन और मकान से जुड़े कामों में है उनको कोई अच्छी डील हासिल हो सकती है।

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए यह समय लाभकारी साबित हो सकता है। व्यापार में पहले की तुलना में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं और आय बढ़ाने के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी से जुड़े मामलों में आपको सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहने और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने के योग बन सकते हैं। कारोबार के विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं। लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का अच्छा फल मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

खबर एक नजर...

थाने के सामने हुई दुर्घटना में घायल युवक की मौत

उज्जैन। 9 अक्टूबर को भैरवगढ़ थाने के सामने हुई दुर्घटना में गोविंद पिता मदनलाल पांचाल 28 साल निवासी झीतरखेड़ी घायल हो गया था। उसे परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया था। जहां 3 दिन चले उपचार के बाद सोमवार रात मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि गोविंद फर्नीचर बनाने का काम करता था और श्राद्ध पक्ष होने पर सिद्धवट मंदिर पर दूध अर्पित करने आ रहा था। अज्ञात वाहन से दुर्घटना हुई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

कुलदेवी का पूजन करने गये युवक से मारपीट

उज्जैन। हीरामिल की चाल में रहने वाला दिलीप पिता बाबूलाल बागवंशी 49 साल अपनी पुत्री किर्ती के साथ क्षेत्र में रहने वाले हुकुमचंद्र गोमे के घर के पास नवरात्री होने पर अपनी कुलदेवी का पूजन करने देर शाम पहुंचा था। हुकुमचंद ने उसे पूजन से रोका और आने से मना किया। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। हुकुमचंद ने अपने परिवार के साथ मिलकर दिलीप के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दिलीप की शिकायत पर देवासगेट पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट करने वाले घर से भाग निकले थे। जिनकी तलाश जारी है।

जंगल में मिले 3 युवकों के पास मिली बंदूक और कारतूस

उज्जैन। उन्हेल थाना पुलिस को देर शाम सूचना मिली थी कि मालीखेड़ी के जंगल में नाले के पास 3 युवक बैठे है। जिनके पास बंदूक है। पुलिस ने मालीखेड़ी जंगल पहुंचकर घेराबंदी की और युवको को पकड़ा। उनके पास से एक बंदूक के साथ 2 जिंदा कारतूस और 2 चले हुये कारतूस बरामद किये गये। पूछताछ में एक का नाम मोहम्मद हारूण और दूसरे का मोहम्मद शरीफ सामने आया। तीसरा उनका साथी था। तीनों मालीखेड़ी के रहने वाले थे। उनका कहना था कि जंगल में शिकार के लिये आये थे। बंदूक लायसेंसी है। लेकिन लायसेंस दूसरे के नाम का होने पर पुलिस ने जप्त की। एसआई राजेश कलमी ने बताया कि मामले में तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

सांईधाम कालोनी के युवक की संदिग्ध हालत में मौत

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के सांईधाम कालोनी में रहने वाले मिथिलेश पिता अशोक शर्मा को परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी मंगलवार को मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि आशंका जताई गई है कि मिथिलेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। वह नशे का आदी भी था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान दर्ज होने पर मामला स्पष्ट हो पायेगा।

अबकी बार ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों का रेस्क्यू

उज्जैन। मालवांचल के शाजापुरझशुजालपुर क्षेत्र में कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। अभियान के तृतीय दिवस मंगलवार को ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों को पकडकर कूनों राष्ट्रीय पार्क पशु चिकित्सक की देखरेख में ट्रकों में भरकर भेजा गया है। द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों को अनुकूल वन क्षेत्र में स्थानांतरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ संस्था ह्यकंजर्वेशन सॉल्यूशंसह्ल के तकनीकी सहयोग से हो रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वन्यप्राणी चिकित्सक, वन अधिकारी एवं प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारी अभियान में सहभागिता कर रहे हैं। इससे पूर्व हन्नूखेड़ी और पोलायकला के खेतों से पहले दिन 97,दुसरे दिन 79 कृष्णमृगों को पकड कर कूनो पार्क भेजा गया जा चुका है।

फिर क्षिप्रा नदी से मिली युवक की लाश

उज्जैन। मंगलवार शाम को एक बार फिर क्षिप्रा नदी से युवक की लाश मिलना सामने आया। युवक की पहचान कर ली गई है। बुधवार को परिजनों के आने पर उसके संबंध में पूरी जानकारी सामने आ पायेगी। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि केदारेश्वर घाट पर पानी में तैरती लाश कुछ लोगों को दिखाई दी थी, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव बाहर निकाला गया। प्रथमदृष्टा सामने आया कि युवक की नहाते समय डूबने से मौत हुई है। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया गया और पहचान के प्रयास शुरू किये गये। जिले साथ संभाग के पुलिस थानों को मृतक फोटो भेजा गया। रात में पता चला कि युवक बड़वानी का रहने वाला अशोक परमार है। संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर परिजनों को सूचना दी गई है। बुधवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचेगें। उसके बाद ही मृतक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी। विदित हो कि रविवार को नृसिंह घाट क्षिप्रा नदी से एक युवक का शव मिला था। जिसकी पहचान राजगढ़ के रहने वाले अजय शर्मा के रूप में हुई थी। इससे पहले 6 अक्टूबर को रामघाट

दिन	148-3	220-4
मेन बाजार	239-4	677-0
मिलन डे	270-9	238-3
मिलन नाइट	170-8	379-9

5 8 0

कमांड एवं कंट्रोल रूम के संसाधनों के लिए अलग से 30 करोड़ की स्वीकृति

मेला क्षेत्र के केंद्र में नया सिंहस्थ कार्यालय आधा बना

मार्च तक पूर्ण होगा उसके बाद फर्निशिंग का काम चलेगा, निर्माण लागत रूपए 30 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 28 में संतों महंतों को भूखंड आवंटन की प्रक्रिया एवं सिंहस्थ के दौरान अपनी समस्याओं के निदान के लिए मेला क्षेत्र से 5-7 किलोमीटर दूर कार्यालय में नहीं आना होगा। इस बार सिंहस्थ क्षेत्र के केंद्र में ही करीब रू.30 करोड़ की लागत से कमांड एवं कंट्रोल रूम सह मेला कार्यालय बनाया जा रहा है। सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के अनुसार कार्तिक मेला क्षेत्र में बन रहे इस कार्यालय का 50 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। द्वितीय तल की छत के साथ मार्च 27 में इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। बाद में इसका फर्नीशिंग पूर्ण कर लिया जाएगा।

वर्तमान में सिंहस्थ मेला कार्यालय का काम पुराने कोठी रोड स्थित कार्यालय से चल रहा है। इसी में प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं मेला अधिकारी सहित अन्य अधिकारी बैठकर सिंहस्थ की योजनाओं को आकार देने में लगे हैं। सिंहस्थ की महत्वपूर्ण बैठकें भी अधिकांश यहीं हो रही है।

स्थाई कार्यालय की सौगात- सिंहस्थ -28 में स्थाई कार्यालय की सौगात मिल रही है। इसे उज्जैन विकास प्राधिकरण बना रहा है। बकौल श्री अग्रवाल यह जी प्लस 1मंजिल का भवन की संरचना है। इसमें करीब 63000 हजार वर्ग फूट निर्माण क्षेत्र है। भूतल एवं प्रथम तल पर अलग-अलग 31500 वर्ग फूट का निम्राण रहेगा। इसके अंदर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनेगा, जहाँ से पूरे मेला क्षेत्र की सीसीटीवी, ड्रोन, डेटा एनालिटिक्स, अक से भीड़ प्रबंधन, मोबाइल ऐप से रूट / पार्किंग जानकारी, सायबर सुरक्षा, पानी-बिजली की निगरानी होगी।

शिलान्यास को डेढ़ साल हुआ

इसका शिलान्यास 17 मार्च 2025 को 662.46 करोड़ के पैकेज के साथ किया था। मध्यप्रदेश कैबिनेट में एक प्रस्ताव लाया गया था कि सिंहस्थ मेला कार्यालय को सिर्फ मेले के दौरान नहीं, बल्कि पूरे साल स्थायी रूप से चालू रखा जाए। इसके लिए नए राजपत्रित और अराजपत्रित पद भी बनाए जाने का प्रस्ताव है।

शहर की टाउनशिप के केंद्र में

नीमनावासा, धतरावदा, और लालपुर गांवों की 473.32 हेक्टेयर टाउनशिप में, कार्तिक मेला ग्राउंड को केंद्र मानकर बनाया जा रहा है। मेला कंट्रोल रूम के लिए अलग से 30 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई है। अग्रवाल बताते हैं कि इसके भू-तल मेला अध्यक्ष, मेला अधिकारी एवं स्टाफ के साथ आने वाले संतों-महंतों के लिए विशेष व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर पूरा आईसीसीसी ऑपरेशन रूम, सर्वर/डेटा रूम, सिक्योरिटी, रिसेप्शन होगा। भूतल पर कांफ्रेस हाल, प्लानिंग ऑफिस, स्टाफ ऑफिस, रिकॉर्ड रूम रहेगा।

चोरी की आशंका में किया जप्त, पांच ड्रायवरों को लिया हिरासत में

इंदौर से उज्जैन लाया गया था 2 करोड़ का तांबा स्क्रैप





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पांच टाटा एस लोडिंग गाड़ी में इंदौर से 2 करोड़ का तांबा स्क्रैप उज्जैन लाया गया था। चोरी की आशंका में सोमवार रात पुलिस ने घेराबंदी की और लोडिंग गाडियों को जप्त कर पांच ड्रायवरों को हिरासत में लिया। मामले में धारा 303(2) और धारा 35(1)(ई)/106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का प्रकरण दर्ज किया जांच शुरू की है।

बताया जा रहा है कि रात में सूचना मिलने के बाद पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई और चिमनगंज थाना इंचार्ज एसआई दिनेश भट की टीम ने घेराबंदी कर रणकेश्वर मंदिर के पास से पांच लोडिंग गाड़ी को पकड़ा। जिसमें प्लास्कि की बोरियों में तांबे का चूरा (स्क्रैप) भरा हुआ था। गाडियों के ड्रायवरों से स्क्रैप संबंधित बिल्ट और दस्तावेज मांगे गये। जो उनके पास नहीं मिले। स्क्रैप चोरी की आशंका में जप्त किया गया और ड्रायवरों सुरेश पिता मोहनलाल सोलंकी, राहुल पिता राधेश्याम चौहान, शंकर पिता कैलाशसिंह ढाला,रामकिशन पिता मांगीलाल पंवार और विनायक पिता रमेश राठौर सभी निवासी इंदौर को हिरासत में लिया गया। जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और पूछताछ शुरू की गई। ड्रायवरों का कहना था कि उन्हे इंदौर से मोहसीन नामक व्यक्ति ने भाड़े पर बुलाया था और गाडियों में बोरियां रख उज्जैन रवाना किया था। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश सरोठिया ने बताया कि एक टीम मोहसीन की तलाश में इंदौर रवाना की गई है। उसके गिरफ्त में आने पर मामला स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल पांचों ड्रायवरों को नोटिस तामिल कराने के बाद रिहा किया गया है।

पीथमपुर के व्यापारी से मिली थी सूचना

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तांबा स्क्रैप की सूचना पीथमपुर के एक व्यापारी के माध्यम से मिली थी कि उज्जैन में तांबा स्क्रैप उतरने वाला है। जिसके आधार पर मामले में कार्रवाई की गई है। बरामद स्क्रैप की कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए है। वहीं जप्त किये गये पांच वाहन 30 लाख रुपए के है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उक्त स्क्रैप उज्जैन में कहां लाया गया था। पूर्व में स्क्रैप उज्जैन लाये जाने की जानकारी सामने आई है। पूरे मामले की विवेचना जारी है।

धर्मकांटे पर तौल, 16.5 टन निकला वजन

पुलिस द्वारा चोरी के संदेह में जप्त किया गया स्क्रैप बरामद करने के बाद वाहनों को सेंटपॉल स्कूल के पास हरिओम धर्मकांटे पर ले लाया गया था। जहां वजन कराया गया। पांचों वाहनों सहित तांबा स्क्रैप का वजन 16,575 किलोग्राम होना सामने आया। जिसमें 11 टन तांबे का स्क्रैप शामिल है।

यात्रियों के मोबाइल चोरी करने भिंड के 2 बदमाश गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 8 से यात्री का मोबाइल चोरी होने पर जीआरपी-आरपीएफ टीम ने कैमरों के फुटेज देखे और कुछ घंटो में चोरी करने वाले भिंड के बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ एक अन्य आरोपी भी गिरफ्त में आया, जिसके पास से 3 मोबाइल बरामद हुये है।

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि 11 अक्टूबर को गुना का यात्री सरबजीत सिंह ट्रेन में सवार होने के लिये प्लेटफार्म नम्बर 8 पर पहुंचा था। ट्रेन आने में देरी होने के चलते वह बुकिंग विंडो के पास लेट गया। उसकी नींद लगने पर अज्ञात बदमाश जेब में रखा 20 हजार कीमत का मोबाइल चुराकर भाग निकला था। सरबजीत की शिकायत पर बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ टीम के साथ प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसके आधार पर कुछ घंटों बाद प्लेटफार्म के पास से सोनू पिता रामा जाटव 28 वर्ष निवासी ग्राम खेडा थाना उमरी जिला भिंड को पकड़ा गया। जिसके पास से सरबजीत का रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद हो गया। फुटेज के आधार पर ही उसके दूसरे साथी शेरसिंह पिता रमेश 28 वर्ष निवासी ग्राम खेरा सेमपुरा थाना उमरी जिला भिंड को हिरासत में लिया गया था। जिसके पास से 3 मोबाइल मिले। वह मोबाइल संबंधित दस्तावेज और सही जानकारी नहीं दे पाया। उसे भी मोबाइल चोरी का आरोपी बनाया गया। उसके पास से बरामद मोबाइल की तकनीकी साक्ष्यों से जांच कर मालिका का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। जीआरपी निरीक्षक गुप्ता के अनुसार दोनों का अपराधिक रिकार्ड खंगाले पर सामने नहीं आया। जिसके चलते उनके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जमानत पर रिहा किया गया है। दोनों के पास से बरामद 4 मोबाइल की कीमत 50 हजार के लगभग सामने आई है।

चाकू मारने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरानी रंजीश में चाकू मारने वाले आरोपी को न्यायालय ने 8 साल बाद 10 साल की सजा सुनाई है। उपनिदेशक अभियोजन (डीडीपी) राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि 14 नवम्बर 2018 को घायल नितेश चंद्रवंशी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। जिसमें नितेश ने बताया था कि वह दोस्त ऋषिराज उर्फ राज देशमुख के साथ दशहरा मैदान के पास से बाइक से गुजर रहा था।

उसी दौरान 10-12 लोग खड़े हुए थे, जिनमें नाबालिक और शुभम शामिल था, पुरानी रंजिश को लेकर सभी ने गाली-गलौच की और मारपीट करने लगे। दोस्त ऋषिराज उर्फ राज ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो उन चारों ने उसे धक्का देकर साइड में हटा दिया और उस पर चाकू से हमला किया। चाकू मारने वालों में शुभम मरमट और उसके नाबालिग साथी थे। सभी हमला करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। दोस्त ऋषिराज ने उसे अस्पताल तक पहुंचाया। पुलिस ने मामले में धारा-307, 341, 323, 294, 506 और धारा-3 (2) (५) अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की गई और अभियोग पत्र किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया। किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष यह पाया गया कि घटना के समय अभियुक्त शुभम उर्फ अंकित मरमट की आयु 18 वर्ष से अधिक रही थी, उसके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

बड़नगर हाईवे पर सड़क हादसे में युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ता दिखाई दे रही है। सोमवार-मंगलवार रात फिर बड़नगर हाईवे पर हुई दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि रात में बड़नगर हाईवे ग्राम रत्नाखेड़ी मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। युवक गंभीर घायल हुआ था, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक के पास मिले दस्तावेज और बाइक नम्बर से उसकी शिनाख्त के प्रयास करने पर सामने आया कि युवक कमलेश पिता राजेश चावड़ा 21 साल निवासी ग्राम नलवा का रहने वाला है। रात में परिजनों को सूचना दी गई। उनके आने पर सामने आया कि कमलेश फ्रीगंज स्थित बालाजी लेब पर काम करता था। रात में घर लौट रहा था। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

महाकाल लोक में परिजनों से बिछड़ी महिला के पुलिस ने खोजा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जयपुर से परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आई महिला महाकाल लोक में परिजनों से बिछड़ गई। महिला दिमागीरूप से कमजोर थी, परिजन चिंतित हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सोशल मीडिया और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से महिला का खोज निकाला।


महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि जयपुर से आये परिवार ने थाने आकर बताया था कि वह महाकालेश्वर मंदिर दर्शन करने आये थे। उनकी 38 वर्षीय बहन महिमा पति कैलाश चावरिया निवासी हरिजन मोहल्ला ग्राम इटावा भोपजी, तहसील चौमूं, (राजस्थान) जो दिमागीरूप से कमजोर है वह महाकाल लोक से बिछड़ गई है। थाना प्रभारी बादल ने परिवार से बिछड़ी महिला की तलाश के लिये एसआई चंद्रभानसिंह चौहान की टीम को अलर्ट किया। एसआई चौहान ने हमेशा की तरह महिला का फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। कुछ घंटो बाद पुलिस ने परिवार से बिछड़ी महिला का खोज निकाला और सकुशल मिलने पर परिजनों के सुपुर्द किया। महिला के भाई ने बहन के मिलने पर महाकाल थाना पुलिस टीम का आभार माना। एक बार फिर पुलिस द्वारा देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुये कहा कि वे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और विशेष सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्तियों का ध्यान रखें। ऐसे व्यक्तियों के पास नाम और परिजनों के मोबाइल नंबर की जानकारी वाली पर्ची या पहचान कार्ड अवश्य रखें, ताकि भीड़ में बिछड़ने पर उनकी पहचान कर जल्द परिजनों तक पहुंचाया जा सके। पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सहायता और सेवा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।

बदमाश ने पेट्रोल छिड़कर कैफे में लगाई आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षीरसागर स्टेडियम के पास रात को एक कैफे में आग लगा दी गई। सुबह घटना का पता चलने पर कैफे संचालक ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। कैमरे देखने पर आग लगाने वाले की पहचान हुई है। 2 दिन पहले उक्त बदमाश ने विवाद किया था। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि क्षीरसागर स्टेडियम के पास प्रमोद सूर्यवंशी कैफे संचालित करते है। सुबह जब पहुंचे तो दुकान का शटर जला हुआ था। अंदर देखने पर काउंटर और वहां रखे सिगरेट के सौ पैकेट, 10 पाऊच के पैकेट, कुर्सी, डी-फ्रिज जला हुआ मिला। कैफे पर लगे कैमरे भी टूटे थे। मामले की सूचना प्रमोद सूर्यवंशी ने थाने आकर दी। पुलिस जांच के लिये पहुंची, और कैमरों का डीवीआर चैक किया। इस दौरान सामने आया कि आगजनी को अनिल मालवीय ने अंजाम दिया है। संचालक ने बताया कि 10 अक्टूबर को भी अनिल दुकान पर आया था और धमकी दी थी, उसका कहना था कि भाई पुलिस में है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उक्त मामले में भी आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार आगजनी का मामला 2 दिन पुराने विवाद का प्रतीत हो रहा है। अनिल को गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी।

इधर युवक ने आटो में लगाई आग- नीलगंगा थाना क्षेत्र के जबरन कालोनी में रहने वाले मोरसिंह पिता हजारीलाल अहिरवार की शिवांजली होटल के सामने खड़ी आटो में रात 2 बजे एक युवक ने आग लगा दी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू की। आग लगाने वाले युवक की पहचान जबरन कालोनी के रहने वाले संजय सूर्यवंशी के रूप में हुई।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com